फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 53, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 21 मार्च 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**अमृतपाल के पांच साथियों पर लगा एनएसए, चाचा को भेजा गया असम जेल, अमृतपाल को पकड़ने के लिए हो रहे हैं हर संभव प्रयास**

# अमृतपाल सिंह अभी भी फरार

**चंडीगढ़: पंजाब** पुलिस ने खालिस्तान समर्थक और वारिस पंजाब दे प्रमुख अमृतपाल सिंह के पांच साथियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्यवाही की है। पुलिस ने रविवार रात गिरफ्तार किए गए अमृतपाल के चाचा को असम की जेल में भेज दिया है। पंजाब पुलिस यह पूरा ऑपरेशन केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर चला रही है। पंजाब पुलिस के आईजी एसएस गिल ने सोमवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों को बताया कि अमृतपाल सिंह अभी भी फरार है। पुलिस उसे पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। गिल ने कहा कि अब तक सामने आए तथ्यों और परिस्थितियों के आधार पर हमें आईएसआई के एंगल पर बहुत गहरा संदेह है। उन्होंने कहा कि हालात को देखते हुए लगता है कि इस मामले में आईएसआई और विदेशी फंडिंग भी शामिल है। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस की कार्रवाई के चलते राज्य में स्थिति शांति और स्थिर है। 'वारिस पंजाब दे' के कुछ तत्वों के खिलाफ विशेष कार्रवाई की गई है, जिनके खिलाफ छह आपराधिक मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि अब तक अमृतपाल के 114 समर्थकों को शांति और सद्भाव को भंग करने के प्रयास में गिरफ्तार कर लिया गया है। उनमें से 78 को पहले दिन गिरफ्तार किया गया, 34 को दूसरे दिन और दो अन्य को कल रात गिरफ्तार किया गया। इसी के साथ-साथ 10 हथियार भी बरामद किये गए हैं।

**खालिस्तान समर्थक अमृतपाल की कार बरामद, चाचा गिरफ्तार**

पंजाब पुलिस ने खालिस्तान समर्थक अलगाववादी अमृतपाल के चाचा को जालंधर में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अमृतपाल की वह कार बरामद कर ली है जिसमें वह फरार हुआ था। अमृतपाल की तलाश में पुलिस ने पिछले दो दिन से जालंधर व अमृतसर के गांवों को घेर रखा है। पंजाब पुलिस अब तक अमृतपाल के 112 समर्थकों को गिरफ्तार कर चुकी है। रविवार रात अमृतपाल के खिलाफ जालंधर में एक और मामला दर्ज किया गया है। अमृतपाल के खिलाफ अब तक पंजाब के अलग-अलग पुलिस थानों में सात मामले दर्ज हो चुके हैं। पुलिस अभी भी जालंधर के गांव सरी को घेरे हुए है। यहां अमृतपाल का चाचा हरजीत सिंह छिपा हुआ था। रविवार रात करीब दो बजे हरजीत सिंह ने सरेंडर करने का इशारा किया। इसके बाद जिस घर मे हरजीत सिंह छिपा था उस घर को चारों तरफ से घेरकर पुलिस व पैरा मिलिट्री के जवान भीतर गए।




## पंजाब: इंटरनेट एवं एसएमएस सेवाएं मंगलवार तक बंद रहेंगी

**चंडीगढ़: राज्य** में इंटरनेट और एसएमएस सेवाएं मंगलवार 21 मार्च तक बंद रहेंगी। खालिस्तान समर्थक और वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब पुलिस की बड़ी कार्रवाई के बाद शनिवार को इंटरनेट बंद कर दी गयी थी। इंटरनेट शटडाउन को और बढ़ा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि शनिवार को पहले रविवार और फिर सोमवार तक इंटरनेट सेवा बंद कर दी गयी थी। अब इंटरनेट शटडाउन की अवधि को मंगलवार तक के लिए बढ़ा दिया गया है।

## क्या पाकभागने की फिराक में अमृतपाल?

**फिरोजपुर/ममदोट: पंजाब में अमृतपाल और उसके साथियों** पर एक्शन के बीच अचानक भारत-पाकिस्तान सीमा पर जवानों की संख्या बढ़ाकर गश्त तेज कर दी है। खुफिया एजेंसियों ने खुलासा किया है कि अमृतपाल के तार पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े हैं। इसी को ध्यान में रख पंजाब में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। बता दें कि पंजाब से पाकिस्तान की 550 किलोमीटर लंबी सीमा लगती है। सीमा सुरक्षा बल (इरऋ) के जवान वाहनों और घोड़ों से फेंसिंग के साथ पेट्रोलिंग कर रहे हैं। अमृतपाल के खिलाफ पुलिस का ऑपरेशन जारी है। कई जिलों में दबिश दी जा रही है। पुलिस को चकमा देकर अमृतपाल भाग चुका है। ऐसे में आशंका है कि कहीं अमृतपाल सरहद पार कर पाकिस्तान न भाग जाए। यही वजह है कि पंजाब से सटी साढ़े पांच सौ किलोमीटर लंबी भारत-पाकिस्तान सीमा पर बीएसएफ जवानों की संख्या बढ़ा दी गई है। दिन-रात सरहद पर गश्त की जा रही है। पुलिस ने भी सीमा की तरफ जाने वाले सभी रास्तों को सील कर दिया है। सीमा से सटे गांवों के ग्रामीणों से भी अपील की गई है कि अगर कोई बाहरी व्यक्ति गांवों दिखता है तो इसकी सूचना तुरंत बीएसएफ व पुलिस के अधिकारियों को दें। हुसैनीवाला बार्डर, ममदोट व फाजिल्का के अलावा अमृतसर के बार्डर पर सुरक्षा कर्मी तैनात हैं। उधर, खुफिया एजेंसियों के मुताबिक अमृतपाल के समर्थकों का इतिहास खंगाला जा रहा है। पंजाब पुलिस भी गैंगस्टरों और आपराधिक व्यक्तियों पर पैनी नजर रख रही,

# ओआरओपी: पेंशनरों का बकाया फरवरी 2024 तक देने का निर्देश

**नई दिल्ली: वन** रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को एक अहम निर्देश दिया है।

कोर्ट ने केंद्र सरकार की ओर से दी गई लिफाफा बंद रिपोर्ट पर नाराजगी जताते हुए पूर्व सैन्य कर्मियों का बकाया पेंशन भुगतान करने का नया फॉमूर्ला दिया है। कोर्ट ने पेंशनरों का सभी बकाया फरवरी 2024 तक देने को कहा है।

**ओआरओपी के सभी पेंशनरों को मिलेगा बकाया:** सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के तहत केंद्र को 30 अप्रैल 2023 तक वन रैंक वन पेंशन योजना के तहत योग्य पारिवारिक पेंशनरों और सशस्त्र बलों के वीरता विजेताओं को बकाया राशि देने को कहा गया है।




## जापान के पीएम किशिदा से मिले पीएम मोदी

**नई दिल्ली:** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा भारत की दो दिन की यात्रा पर सोमवार को नई दिल्ली पहुंचे। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने उनका स्वागत किया। इसके बाद किशिदा ने हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इसके बाद दोनों देशों के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। इसके बाद दोनों ने संयुक्त प्रेस वार्ता को भी संबोधित किया।

**पीएम मोदी ने जापानी पीएम का किया स्वागत:**

पीएम मोदी ने कहा, "मैं जापानी पीएम फुमियो किशिदा का भारत में स्वागत करता हूं।

# मौत के बाद डी-एक्टिवेट हो सकेगा आधार




**नई दिल्ली:** किसी व्यक्ति की मौत के बाद उसका आधार कार्ड डी-एक्टिवेट किया जा सकेगा। यूनीक आईडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया और रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया इसके लिए एक मैकेनिज्म बनाने और उसे शुरू करने पर काम कर रहे हैं।

**अभी मृत्यु के बाद आधार नंबर का क्या होता है?:** किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसका आधार डिएक्टिवेट नहीं होता, क्योंकि अभी ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। केंद्र सरकार ने लोकसभा में कहा था कि मौजूदा समय में किसी मृत व्यक्ति के आधार नंबर को कैंसिल करने की कोई व्यवस्था नहीं है।

**मृत्यु के बाद आधार नंबर बंद करने की प्रक्रिया पर विचार कब शुरू हुआ?:** सरकार ने रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया ने जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 में संशोधन के ड्रॉफ्ट पर यूआईडीआई से सुझाव मांगे थे। इसमें इस बात का जिक्र था कि मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करते समय मृतक का आधार लिया जा सके। अभी ऐसा नहीं होता। सुझाव मांगने के साथ ही प्रक्रिया पर बातचीत शुरू हुई।

**मृत्यु के बाद आधार नंबर बंद होने से क्या फायदा होगा?:** जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रार और यूआईडीआई के बीच मृत्यु के बाद आधार नंबर लेने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है तो उसका गलत इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा।

**आधार को लेकर सरकार की और क्या तैयारी है?:** इसके अलावा सरकार पूरे देश में बर्थ सर्टिफिकेट के साथ ही आधार नंबर अलॉट करने की योजना पर भी काम कर रही है। अभी 20 राज्य इस सिस्टम को लागू कर चुके हैं। इसमें 5 साल तक के बच्चों का कोई बायोमेट्रिक्स नहीं लिया जाता है।

# रामसेतु राष्ट्रीय स्मारक होगा घोषित!

**सुप्रीम कोर्ट में सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका पर होगी सुनवाई**



**नई दिल्ली: रामसेतु** को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करने को राजी हो गया है। केंद्र को निर्देश देने की मांग करने वाली राज्यसभा के पूर्व सांसद सुब्रमण्यम स्वामी की इस जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और जे बी पारदीवाला की पीठ ने भाजपा नेता की दलीलों को सुनने के बाद यह फैसला लिया है।

**नौ साल से कोई फैसला नहीं हुआ:** स्वामी ने शीर्ष अदालत से इस मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार ने आज तक कोई फैसला नहीं लिया है और नौ साल से अधिक समय से इस मामले में देरी कर रहा है। इसपर पीठ ने कहा कि हम इसे जल्दी सूचीबद्ध करेंगे। केंद्र ने 19 जनवरी को शीर्ष अदालत को बताया था कि वह रामसेतु को राष्ट्रीय विरासत स्मारक घोषित करने के मुद्दे पर विचार कर रहा है।

**कोर्ट ने स्वामी को पहले सरकार से बात करने को कहा था:** शीर्ष अदालत ने भाजपा नेता से कहा था कि अगर वह चाहें तो सरकार को एक अभ्यावेदन दें। अदालत ने केंद्र से इस मुद्दे पर निर्णय लेने के लिए भी कहा था और स्वामी को असंतुष्ट होने पर फिर से संपर्क करने की स्वतंत्रता दी थी और इस मुद्दे पर उनके अंतरिम आवेदन का निपटारा कर दिया था। बता दें कि राम सेतु, जिसे आदम के पुल के रूप में भी जाना जाता है, तमिलनाडु के दक्षिण-पूर्वी तट से पंबन द्वीप और श्रीलंका के उत्तर-पश्चिमी तट से दूर मन्नार द्वीप के बीच चूना पत्थर से बना एक पुल है।

**27 जिलों में बरसात से फसलों को जबर्दस्त नुकसान, 50 फीसदी से ज्यादा महंगी हुई सब्जियां**

# गुजरात में बारिश का कहर जारी

**अहमदाबाद: देश के** कई राज्यों की तरह गुजरात में भी बेमौसम बारिश का कहर जारी है। स्टेट इमरजेंसी ऑपरेशंस सेंटर के अनुसार, कच्छ, पाटण, अहमदाबाद, साबरकांठा, अरावली, बनासकांठा, सूरत और अन्य जिलों में शनिवार देर रात तक 15 मिमी से अधिक बारिश हुई। रविवार रात को 27 जिलों के 111 तालुकों में 1 से 47 मिमी और 18 जिलों के 33 तालुकों में 10 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई।



**सीएम ने फसलों को हुए नुकसान की समीक्षा की:** भूपेंद्र पटेल ने बैठक कर राहत और बचाव कार्यों और फसलों को हुए नुकसान की समीक्षा की। खासकर जूनागढ़ और अमरेली जिलों में आम समेत फसलों को भारी नुकसान हुआ है। सीएम पटेल ने सभी जिला कलेक्टरों को फसलों को हुए नुकसान की प्रारंभिक समीक्षा कर रिपोर्ट तैयार करने का आदेश दिया है।

**उत्तर गुजरात, सौराष्ट्र-कच्छ में 5 दिन और बारिश का अनुमान:** भारतीय मौसम विभाग ने कहा कि अगले पांच दिनों तक उत्तर गुजरात और सौराष्ट्र-कच्छ के कुछ इलाकों में तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हो सकती है। इन क्षेत्रों में ओलावृष्टि की भी संभावना व्यक्त की गई है। सौराष्ट्र के गिर-सोमनाथ जिले में लगातार तीन दिनों से शाम से देर रात तक बारिश ।

## पीडीए ने पांच लाख के इनामी शूटर गुलाम का घर ध्वस्त किया

**प्रयागराज: उमेश पाल** हत्याकांड में प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने होली बीतने के बाद पुनः कार्रवाई शुरू कर दी है। उमेश की हत्या के बाद से फरार चल रहे पांच लाख के इनामी शूटर गुलाम के शिवकुटी थाना इलाके के तेलियरगंज स्थित घर पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया।

उल्लेखनीय है कि, इनामी शूटर गुलाम भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व जिला अध्यक्ष राहिल हसन का भाई है। उमेश हत्याकांड के बाद से वह फरार चल रहा है। उस पर पांच लाख का इनाम रखा गया है। उमेश पाल हत्याकांड के बाद से माफिया अतीक अहमद के खास शूटरों में से एक गुलाम की तलाश की जारी है। बसपा के पूर्व विधायक राजू पाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल और उनके दो सरकारी गनर की 24 फरवरी को एक हमले में कर दी गई थी।

हत्याकांड के बाद पुलिस के साथ पीडीए ने माफिया अतीक अहमद और उसके करीबियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की। इसी क्रम में सोमवार को इनामी फरार शूटर गुलाम मोहम्मद का 335 वर्ग मीटर में बने अवैध मकान और दुकान पर कार्यवाही की गई। शूटर का अवैध मकान और दुकान गिराने के लिए पीडीए के दो बुलडोजर लगे रहे। मौके पर पीडीए के अधिकारियों सहित भारी पुलिस बल तैनात रहीं।

# कांग्रेस सांसद बिट्टू का अमृतपाल पर निशाना

**पंजाब दा वारिस कहने वाला चूहा बिल में छिपा, सिखों पर लगाया धब्बा**

**लुधियाना:** पंजाब के लुधियाना से कांग्रेसी सांसद रवनीत सिंह बिट्टू ने खालिस्तान समर्थक अमृतपाल के फरार होने और पुलिस द्वारा भगोड़ा करार दिए जाने पर तंज कसा। बिट्टू ने कहा कि अमृतपाल खुद को पंजाब दा वारिस कहता था, आज खुद चूहे की तरह किसी नाली और बिल में छिप गया है। बिट्टू ने कहा कि युवाओं को लगातार अमृतपाल बहला फुसला कर देश विरोधी हरकतें करवा रहा था।

**सिखी का चोला पहन बना बहरूपिया:** बिट्टू ने कहा कि अमृतपाल विदेश से सिखी का चोला पहन कर बहरूपिया बनकर आया है। जो गुरु का सच्चा सिख होता वह कभी भी मैदान छोड़ कर भागता नहीं है। अमृतपाल रोजाना युवाओं को अपने साथ खालिस्तान बनाने के लिए जोड़ रहा था। अकसर युवाओं से कहता था कि सबसे पहले यदि सिर देने की नौबत आई तो मैं दूंगा। आज अमृतपाल ऐसे भागा कि इसने सिखों को धब्बा लगवा दिया। जो विदेशों में बैठे एनआरआई इसे सपोर्ट करते थे वह भी देख लें ।



**बादलों की गड़गड़ाहट से किसानों के चेहरे पर आई चिंता की लकीरें**

# मूसलाधार बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि

**झांसी: कभी** सुबह, कभी शाम तो कभी देर रात बादलों की गड़गड़ाहट, मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि किसानों की नींद उड़ाने का काम कर रही है। कारण है खेत में पक कर तैयार खड़ी या फिर कटाई के दौरान जमीन पर पड़ी फसलें। पिछले चार-पांच दिनों से मौसम का यही आलम बना हुआ है। यह क्रम अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग समय पर जारी है। असमय हो रही बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें पैदा कर दी हैं।



किसान यह सोचने पर मजबूर है कि तैयार खड़ी फसल को वह घर तक कैसे पहुंचाएं जबकि मौसम वैज्ञानिक मौसम के इस बदलते स्वरूप का अभी और विकृत होना बता रहे हैं। जनपद में सोमवार को भी दोपहर बाद एकाएक साफ पड़े आसमान में बादल घिर आए। तेज गड़गड़ाहट के साथ बारिश शुरू हो गई। कहीं पर ओलावृष्टि हो रही थी तो कहीं तेज बारिश। महानगर के प्रेम नगर, आवास विकास, मिशन कंपाउंड, सीपरी बाजार समेत महानगर से बाहर रक्सा, पठारी में भीषण ओलावृष्टि से फसलें बर्बाद हो गई। राजगढ़, बिजौली व हंसारी आदि तमाम स्थानों पर भी तेज पानी और ओलावृष्टि की।

## वाराणसी से खाड़ी देशों को भेजा जा रहा नीबू, किसानों को हो रहा लाभ

**वाराणसी: किसानों** की आय दोगुना बढ़ाने के लिए उनकी उपज विदेशों में भेजा जा रहा है। इससे वाराणसी और आसपास के जिलों के किसानों का उत्साह भी बढ़ रहा है।

सोमवार को खाड़ी देशों को निर्यात करने के लिए 30 कुंतल नीबू मालवाहक वाहनों पर लादकर बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट रवाना किया गया। बतौर मुख्य अतिथि डीएचओ सुभाष कुमार, यूनियन बैंक के महाप्रबंधक गिरीश जोशी व डीजीएम डीपी दास ने संयुक्त रूप से वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। काशी विद्यापीठ ब्लाक क्षेत्र के टिकरी स्थित कृषक उत्पादक संगठन एवं विपणन सहकारी समिति की पहल पर नीबू शारजाह, दुबई सहित अन्य खाड़ी देशों में जाएगा।



## खबर संक्षेप

### रास्ते में रोक कर बदमाशो ने युवक से छीना मोबाइल बाइक भी छीनने का किया प्रयास

#### मऊआइमा के कदम पुलिया के निकट देर रात घटना को बदमाशो ने दिया अंजाम

**मऊआइमा।** साइवर कैफे के संचालक दुकान बंद कर बाइक से जा रहा था ।.कदम पुलिया के निकट बदमाशों ने बाइक को पीछे से खिंच कर रोक लिए मार पीट कर कीमती मोबाइल और बाइक ले जाने की कोशिश किए। परन्तु ग्रामीणों को आता देख कर बाइक छोड कर चाभी लेकर भाग गए। मऊआइमा थाना क्षेत्र के सरायबादशाह कुली गांव निवासी मोहम्मद मतीन पुत्र मोहम्मद रईस ग्राम बांकाजलालपुर में साइवर कैफे चलाते हैं। मोहम्मद मतीन के मुताबिक बाइक से जब वह घर जा रहा था तभी दो लोग सामने से कदम पुलिया हनुमंत विश्वकर्मा के खेत के पास पीछे से बाइक खिंच कर रोक कर उसे मारे पीटे। मतीन का आरोप है कि ग्यारह हजार मूल्य का कीमती मोबाइल छीन लिए और बाइक छीन कर भागने की कोशिश कर रहे थे कि तभी ग्रामीणों को आता देख कर अंधेरे का लाभ उठाते हुए बाइक छोड कर चाभी लेकर भाग गए। भुक्तभोगी ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

### दो अलग अलग गांवों में मार पीट , कई जख्मी मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** दो अलग अलग गांवों में रास्ते और रंजिश के विवाद को लेकर घर में घुस कर महिला और उसकी पुत्री को मारा पीटा गया। जबकि दूसरे मामले में महिला उसके बच्चों को पीटा गया।दोनों मामलों में पुलिस ने सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छीतेमऊ निवासनीय सावित्री देवी पत्नी राम फेर का आरोप है कि रास्ते के विवाद को लेकर पडोसी उसे गालियां दी और घर में घुस कर उसे और उसकी पुत्री आरती देवी को मार पीट कर जख्मी कर दिए। सावित्री देवी ने मऊआइमा थाने में छीतेमऊ गांव के उमेश कुमार उर्फ टाइगर, विमलेश कुमार, राम अधार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।उधर ग्राम उमरिया बादल गेंदा निवासनीय सुनीता देवी पत्नी शिवबहादुर पटेल का आरोप है कि रंजिश उसे और उसके बच्चों को मारा पीटा गया तथा बेटी का गला घोंटने की कोशिश की गई। सुनीता देवी ने थाने में राजू गौतत ,बडकऊ, राजू गौतत की पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत,एक घायल


घटना के बाद रोते बिलखते हुए परिजन

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** ससुराल जा रहे बाइकसवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों युवक बुरी तरह चोटहिल हो गए। एक युवक के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई वहीं दूसरे युवक का एक स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है।

फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के इफको पुलिस चौकी अन्तर्गत वीरकाजी गांव निवासी रविशंकर 26 पुत्र स्व० हीरालाल एक मेहनतकश मजदूर था। रविवार दोपहर साढ़े चार बजे वह बाईक से गांव के ही संजीव सिंह 19 के साथ उतरांव थानाक्षेत्र के दादूपुर गांव स्थित अपनी ससुराल जा रहा था। अभी वह उतरांव थानाक्षेत्र के सुन्दर नगर तिराहे के पास ही पहुंचा था की फूलपुर की तरफ तेज गति से जा रहे अनियंत्रित वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे परिजन दोनों को एक नजदीकी निजी अस्पताल में ले गए जहां चिकित्सकों ने सर में गंभीर चोट लगने के कारण रविशंकर को शहर के लिए रेफर कर दिया। परिजन जब तक उसे शहर लेकर पहुंचते तब तक रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरे युवक का एक स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। परिजनों की तहरीर पर उतरांव पुलिस ने सोमवार को सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया। घटना से मृतक की मां अनीता देवी व पत्नी शीला देवी का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक दो भाई व तीन बहन है। रविशंकर दोनों भाईयों में सबसे बड़ा था। उसकी तीनों बहनों की शादी हो चुकी है।

### दिव्यांग मां को था पुत्रों का सहारा

रविशंकर की विधवा मां अनीता देवी शारीरिक रूप से दिव्यांग है। पति की मौत के बाद उसे अपने पुत्रों का ही सहारा था। दुर्घटना में रविशंकर की मौत हो जाने से उसे अब अपने छोटे पुत्र ललित का ही सहारा है।

### रेलवे ट्रैक के किनारे मिला युवक का शव

**घूरपुर।** सोमवार की भोर में थाना क्षेत्र के बादलगंज गांव के सामने मुम्बई हाबड़ा रेलमार्ग की पटरी पर लोगों ने एक युवक का शव पड़ा देखा तो हड़कंप मच गया। मृतक के शरीर पर नीला जीन्स और बैंगनी रंग की बनियान है उसकी उम्र लगभग पैंतीस वर्ष है। मृतक के सिर और दाहिने हाथ में चोट के निशान हैं। आशंका है युवक की हत्या कर यहां शव ठिकाने पर लगाया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन कोई उसे पहचान नहीं पाया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## नाले में गिरने से युवक की मौत परिजनों का रो रो के बुरा हाल



**उतरांव।** प्रयागराज जनपद कोतवाली हंडिया क्षेत्र के सैदाबाद चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बिंदा गांव में नाले में गिरने से एक युवक की मौत हो गई घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर हंडिया पुलिस पहुंची है ।मिली जानकारी के अनुसार जमशेदपुर लालापुर गांव निवासी राजेश कुमार यादव पुत्र लल्लन यादव उम्र 25 वर्ष जोकि कुछ काम से साइकिल से बिंदा बाजार आया हुआ था और बाजार से वापस जाते समय बिंदा बाजार स्थित बैंक आफ बड़ौदा के सामने खुले हुए नाले में गिरने से युवक की मौत हो गई सूचना पर हंडिया पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों के मुताबिक युवक को दौरा पड़ता था और दौरा पड़ने के कारण युवक साइकिल सहित नाले में गिर गया और उसकी मौत हो गई युवक की शादी 2 वर्ष पूर्व हुई थी और 4 माह की बच्ची भी है युवक की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## जंघई, असवां में प्रेमिका की हत्या करने वाला प्रेमी गिरफ्तार



**जंघई।** क्षेत्र के असवाँ गांव में विगत शुक्रवार को बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा के साथ दुष्कर्म कर गला रेत कर हत्या करने वाले अपराधी को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पंवारा थाना क्षेत्र के टिकरा गांव निवासी रामजी प्रजापति की 18 वर्षीय बेटी रुपा के साथ शारीरिक संबंध बनाने के बाद गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र सिंह ने मौके पर आकर मातहतो को जल्द से जल्द हत्यारे को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था ।पुलिस की तफ्तीश में पता चला कि प्रयागराज जिले के सरायममरेज थाना क्षेत्र के वीरेसांव निवासी प्रीतम कुमार पुत्र रमेश चंद जो मृतका का दूर का रिश्तेदार भी था उससे रूपा का दो वर्ष से प्रेम संबंध चल रहा था इन दिनों रूपा का किसी और से चक्कर देख वह अपना आपा खो दिया ।प्रीतम ने उसे अरहर के खेत मे ले जाकर पहले शारीरिक संबंध बनाया फिर गला रेत कर हत्या कर दिया ।पुलिस अधीक्षक व सीओ के निर्देश से अभियुक्त की खोजबीन में जुटे थानाध्यक्ष मीरगंज बृजेश कुमार व मुंगराबादशाहपुर थानाध्यक्ष विवेक तिवारी के संयुक्त प्रयास से सोमवार को उसे गिरफ्तार करते हुए हत्या में प्रयुक्त हथियार, मोबाइल व बैग बरामद कर लिया गया और अपराधी को जेल भेज दिया।

# संदिग्ध हालात में अधेड़ फांसी लगाकर कर की आत्महत्या

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा में परिवारिक विवाद से डिप्रेशन का शिकार अधेड ने संदिग्ध हालात में आत्महत्या कर ली। पुलिस को बिना सूचना दिए ग्रामीणों ने गांव में ही अधेड़ का अन्तिम संस्कार कर दिए। उक्त घटना से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। मऊआइमा के जयसिंहपुर गांव निवासी अशोक कुमार सिंह 50 वर्ष पुत्र श्यामा सिंह काफी दिनों से बीमार चल रहा था। तथा आंख से भी कम देखायी देता था। बताते हैं कि किसी बात को लेकर मियां बीबी में तकरार हो गई ।जिससे वह डिप्रेशन का शिकार हो गया। अशोक सिंह गांव के एक बाग में संदिग्ध हालात में फांसी का फंदा लगा कर पेड़ पर झूल गया। ग्रामीणों ने देखा तो उसके शव को नीचे उतार कर पुलिस को बिना सूचना दिए गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया। उक्त घटना क्षेत्र से गांव चर्चा का विषय बना हुआ है। मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### पुलिस को बिना सूचना दिए ग्रामीणों ने किया अन्तिम संस्कार

## पिकअप की टक्कर से मजदूर की मौत

**उतरांव।** जनपद प्रयागराज के उतरांव थाना क्षेत्र के सिठौली गांव में रविवार देर शाम को पिकअप वाहन की टक्कर से रवि शंकर भारती 30 वर्ष पुत्र हीरालाल भारती की उपचार के दौरान सोमवार सुबह को मौत हो गई पुलिस ने पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फूलपुर कोतवाली के वीरकाजी गांव निवासी रवि शंकर भारती अपने दोस्त संजीव सिंह के साथ रविवार शाम कोअपने ससुराल दादूपुर उतरांव बाइक से जा रहा था कि सामने से आ रही पिकअप वाहन मे जोरदार टक्कर हो जाने से जहां दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उपचार के दौरान रवि शंकर की सोमवार सुबह मौत हो गई ।रविशंकर पांच भाई बहनों में से चौथे नंबर का था। मेहनत मजदूरी करके घर चलाता था। मौत हो जाने से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## न्यूज झरोखा

### डीएम ने उच्च प्राथमिक विद्यालय घूरपुर, जसरा एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण

बच्चों की पढ़ाई की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश दिये



**घूरपुर।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने सोमवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय घूरपुर, जसरा एवं करस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय घूरपुर जसरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों की पढ़ाई की गुणवत्ता की जांच करते हुए बच्चों से पहाड़ा, गुणा एवं अंग्रेजी के शब्दों की मीनिंग पूछा तथा अध्यापकों से कहा कि और मेहनत करने की आवश्यकता है। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय जसरा का निरीक्षण किया तथा वहां पर उन्होंने साफ-सफाई, भोजनालय, बच्चों के खेलने तथा जो बच्चों को खिलाया जाता है, उसकी गुणवत्ता की जानकारी ली और छात्रावास का भी निरीक्षण किया। वहां पर उन्होंने बच्चों की पढ़ाई, पुस्तकें, बैज तथा खाने आदि की जानकारी लेते हुए कहां कि बच्चों को किसी भी प्रकार की समस्या न आये, वहां पर मीनू के अनुसार ही भोजन दिया जाये, इसका विशेष ध्यान दिया जाये। बायोमैट्रिक मशीन की क्रियाशीलता को भी चेक किया। व्यवस्थायें ठीक पायी गयी। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### नवरात्र एवं रमजान के आगमन से पूर्व एसपीओ की एक बैठक संपन्न हुई




**नैनी।** चैत्र नवरात्र एवं रमजान के आगमन से पूर्व एसपीओ एवं पुलिस मित्र के अधिकारियो की एक बैठक उप प्रभारी के आवास पर सम्पन्न हुई पुलिस उपायुक्त यमुनानगर एवं उप जिलाधिकारी करछना एसीपी करछना एवं प्रभारी निरीक्षक नैनी कोतवाली के आदेशानुसार एसपीओ प्रभारी अभय राज सिंह एवं उप प्रभारी परवेज अहमद व संगठन सचिव रविन्द्र सिंह के दिशा निर्देशन में एक बैठक नवरात्रि एवं रमजान को देखते हुए की गई, उप प्रभारी ने एसपीओ के सदस्यों को बताया कि वो अपने अपने क्षेत्र के मंदिर /मस्जिद पर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु विशेष निगरानी की जाए। जिन जगहों पर देवी जागरण हो वहां पर एसपीओ टीम अपने हिसाब से सुरक्षा व्यवस्था की जांच कर ले, यदि कुछ गड़बड़ी की अशंका हो तो उप प्रभारी को सूचित करें ! उपस्थित सदस्यों में एसपीओ प्रभारी अभय राज सिंह उपप्रभारी परवेज अहमद संगठन सचिव रविंद्र सिंह जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली थाना प्रभारी रवि मिश्रा वीरेंद्र पटेल संदीप विश्वकर्मा एरिया इंचार्ज रामजी जयसवाल सुशील शर्मा,मो.फिरोज,रमेश केसरवानी,राकेश सोनकर,सुरेंद्र गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।




## सहकारी समिति चुनाव में भाजपा से समता मिश्रा हुईं विजयी

**जसरा।** प्रारंभिक सहकारी समिति के संपन्न हुए चुनाव में किसान सेवा सहकारी समिति जसरा में कड़ी टक्कर देने के बाद भाजपा प्रत्याशी श्रीमती समता मिश्रा विजयी घोषित की गईं। किसान सेवा सहकारी समिति जसरा के निर्वाचन अधिकारी अतुल शंकर ने बताया कि किसान सेवा सहकारी समिति में अध्यक्ष पद के दो उम्मीदवारों जिसमें समता मिश्र व सतीश पांडेय ने पर्चा भरा। जिसमें नौ मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। भारी गहमा गहमी के बाद मतगणना में श्रीमती समता मिश्रा को 6 मत जब कि सतीश पांडेय को तीन मत मिला। श्रीमती समता पांडेय को निर्वाचन अधिकारी ने विजयी घोषित किया। भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी व मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला ने इस जीत का श्रेय कार्यकताओं को दिया है। इस अवसर पर राजाबाबू पाठक, विश्वेश्वर नाथ मिश्र, रामानंद त्रिपाठी, अशोक तिवारी, अवध बिहारी मिश्रा,हुकुम बहादुर सिंह,प्रधान आशीष सोनकर सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ओलावृष्टि से किसानों के फसलों को हुआ भारी नुकसान

# क्षतिपूर्ति के लिए भारतीय किसान संघ ने डीएम को दिया ज्ञापन





अखंड भारत संदेश

**पसना।** कोरांव तहसील क्षेत्र में रविवार शाम को आए आंधी तूफान एवम् पत्थर गिरने से हुए नुकसान की शासन द्वारा भरपाई हेतु भारतीय किसान संघ के प्रांत मंत्री भोला सिंह मुन्ना ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन मेल किया है। गौरतलब है कि रविवार को हुई भारी वर्षा एवं ओलावृष्टि से गांव तहसील क्षेत्र के घूघा मड़फा, पटेहरी, राजपुर, बबूरहिया, दैय्या रामगढ़, बैठकवा, संसारपुर, महुली पियरी, अल्हवा, देवघाट सिपौवा, जमुआ, बंसीपुर, पैतिंहा हनुमानगंज, गाढ़ा अमिलिया, लोनमति, कपासी कला,हरदिया खजूरी, पंचोह, गोबरी कुकुरहटा आदि लगभग दो दर्जन गांवो की हजारों हेक्टेयर में लगी सरसो, अरहर, गेंहू, चना आदि फसल को भारी क्षति पहुंची है। भारतीय किसान संघ ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर अविलंब कृषि विभाग,संबंधित बीमा कंपनी एवम् तहसील स्तर से नुकसान का आंकलन करवाकर तत्काल क्षतिपूर्ति राशि देने की मांग की है।

## बेमौसम बारिश और आंधी से गेहूं और सरसों की फसल को भारी क्षति



**घूरपुर।** किसानो को कभी पानी बिजली तो कभी खाद की कमी से नुकसान होता ही रहा है वहीं प्रकृति भी किसानों को नुकसान पहुंचाने में कोर कसर नहीं छोड़ी है ।रविवार की शाम आंधी के साथ तेज बारिश के चलते किसानो का गेंहू और सरसों की फसल बर्बाद हो जानें से किसानो को एक बार फिर बेमौसम बरसात से गेहूं की फसल को भारी क्षति पहुंची है। जसरा विकासखंड के कुछ क्षेत्रों में बारिश के साथ पत्थर भी गिरे। अधिकांश इलाके में हवा से गेहूं की फसल खेतों में गिर गई है। इससे दाने के पतला पड़ने की संभावना बढ़ गई है। बारा विकासखंड के लगभग गांवों में आंधी और बरसात का सर्वाधिक असर रहा। इन इलाके में खेतों में बोई गई फसल गिर गई । वहीं जिन किसानों ने चना, मटर, मंसूर और सरसों की कटाई कर मड़ाई के लिए फसल को खलिहान में रखे हुए थे। उनकी फसलें भींग गई है। इससे सरसो आदि तिलहन का मड़ाई का कार्य प्रभावित हो जायेगा। बारिश की वजह से आम में लग रहे बौर को खासा नुकसान होगा आम की बागवानी गेहूं की खेती करने वाले किसानों को दोहरा झटका बारिश के साथ आंधी एवम पत्थर गिरने से लगा।



### बेमौसम बारिश से ईंट भट्ठा मालिकों का लाखों का नुकसान

**घूरपुर।** बेमौसम बारिश से घूरपुर क्षेत्र के ईंट भट्ठा मालिकों का लाखों का नुकसान हुआ है। घूरपुर क्षेत्र में सात दर्जन से अधिक ईंट भट्ठा संचालित है। जिसमें बड़े पैमाने पर मजदूरों से कच्ची ईंट पथाई कर ईंट पकाने के लिए रखे गए थे। रविवार की शाम से लेकर रात तक बेमौसम तेज बारिश के चलते पानी भर जाने से जमीन पर रखी गईं कच्ची ईंट गल कर क्षतिग्रस्त हो गई जिससे हर एक ईंट भट्ठा मालिकों का 5लाख से लेकर 10लाख तक का नुकसान हुआ है। आशंका जताई जा रही है कि बेमौसम हुए बारिश के चलते हुए नुकसान की भरपाई ईंट भट्ठा मालिक ईंट के कीमतों को बढ़ाकर कर करेंगे।

**विधायक कोरांव आज करेंगे क्षेत्र के ओला प्रभावित गांवों का दौरा :**

**पसना।** कोरांव विधान सभा के जनप्रिय विधायक राजमणि कोल अपनी अस्वस्थता के बावजूद आज क्षेत्र के ओला प्रभावित गांवों का तहसील के अधिकारियों एवम् भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल के साथ दौरा करेंगे। यह जानकारी भारतीय किसान संघ के प्रांत मंत्री भोला सिंह मुन्ना ने दिया।

# अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो कि दर पर सुदामा गरीब आ गया है...

अखंड भारत संदेश





**जंघई।** पतवां, जंघई गांव में दिनेश कुमार पांडेय पूर्व निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार एवं विमला पांडेय मुख्य यजमान के निवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में समापन दिवस पर सोमवार को कथा वाचक राधामोहन शरण देवाचार्य महाराज के मुखारवृंद से उपस्थित भक्तों ने सुदामा चरित्र का श्रवण किया। विगत सात दिनों तक भगवान श्री कृष्ण जी के वात्सल्य प्रेम, असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा किए गए विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार, अनाचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए प्रेरित किया। इस धार्मिक अनुष्ठान के सातवें एवं अंतिम दिन भगवान श्री कृष्ण के सर्वोपरी लीला श्री रास लीला, मथुरा गमन, दुष्ट कंस राजा के अत्याचार से मुक्ति के लिए कंसबध, कुबजा उद्धार, रुक्मणी विवाह, शिशुपाल वध एवं सुदामा चरित्र का वर्णन कर लोगों को भक्तिरस में डुबो दिया। इस सात दिवसीय भागवत कथा में आस-पास गांव के अलावा दूर दराज से काफी संख्या में महिला-पुरूष भक्तों ने इस कथा का आनंद उठाया सात दिनों तक इस कथा में पुरा वातावरण भक्तिमय रहा। प्रवचन के बाद आयोजकों द्वारा उपस्थित भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इंजीनियर घनश्याम पांडेय, जिला पंचायत सदस्य बृजकुमारी पांडेय, नागेंद्र सिंह, देवेंद्र दुबे, चंदू तिवारी, डिंपी पांडेय, अशोक कुमार द्विवेदी, रमेश तिवारी, चंचल शुक्ला, दयाशंकर पांडेय, लल्लन मिश्र, प्रभाकर पांडेय, शेषमणि पांडेय, अनिल पांडेय, एडवोकेट कुशलेष दुबे, शेषधर दुबे, अशोक दुबे, किशन पाठक, राहुल दुबे, जिम्मी जायसवाल, अभिषेक मिश्र, परिजनों में अजय पांडेय, जूही पांडेय, मनोज कुमार पांडेय, मधु पांडेय, राहुल कुमार पांडेय, मनीषा, सचिन पांडेय, श्रद्धा पांडेय, अर्जुन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## कथा में रुकमणी विवाह की सुंदर झांकी पर मंत्रमुग्ध हुए श्रोता



**करछना।** के निरिया गांव में चल रही संगीतमयी साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा के छठवें सोमवार के दिन कथा व्यास स्वामी विष्णु देवानंद जी महाराज ने रुक्मिणी विवाह की कथा का प्रसंग सुनाकर भक्तों श्रोता लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिसमें कलाकारों की ओर से रुक्मिणी विवाह की सुंदर व मनमोहक झांकी भी निकाली गई। और महिलाओं की ओर से वैवाहिक गीतों के गायन भी हुए। इस अवसर पर लोगों की ओर से पुष्प वर्षा करके रुक्मिणी सहित श्री कृष्ण के पांव भी पूजे गये। इसके पूर्व उन्होंने गोवर्धन पूजा व कंस वध की कथा कही । कथा के मुख्य श्रोता यजमान भागवत प्रसाद द्विवेदी व सुशीला देवी की ओर से कथा व्यास सहित सभी आचार्य लोगों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। कथा के आयोजक भास्कर द्विवेदी संयोजक एडवोकेट देवेश द्विवेदी तथा व्यवस्थापक प्रभात द्विवेदी ने कथा में शिरकत किए सभी भक्त लोगों के प्रति आभार जताया । इस मौके पर संतलाल तिवारी त्रियुगी नाथ तिवारी कमलेश प्रसाद द्विवेदी अरुण कुमार द्विवेदी कामता प्रसाद द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।



### श्री कृष्ण और सुदामा की कथा सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

**करछना।** केचुहा गांव में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ में कथा सुनने के लिए भक्त लोगों की भीड़ जुट रही है। कथा सुनकर लोग भाव विभोर हो रहे हैं । कथावाचक के रूप में व्यासपीठ पर विराजमान कथा व्यास पं श्री आयुष जी महाराज ने कथा के सातवें दिन सोमवार को बाल सखा श्री कृष्ण और सुदामा की सच्ची मित्रता की कथा सुना कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया । इसके पूर्व उन्होंने रास लीला कंस वध और रुक्मिणी विवाह के प्रसंग की कथा कही। वही कलाकारों की ओर से श्री कृष्ण व सुदामा की सुंदर व मनमोहक झांकी भी निकाली गई। जो कि लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। कथा व्यास ने परीक्षित मोक्ष कथा के साथ कथा को विश्राम दिया। कथा के मुख्य श्रोता यजमान जमुना प्रसाद तिवारी पत्नी शिव कुमारी तिवारी ने कथा व्यास सहित आचार्य लोगों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। कथा के आयोजक राम अभिलाष तिवारी और संयोजक अधिवक्ता उच्च न्यायालय संजीव कुमार तिवारी तथा व्यवस्थापक डॉ रजनीश तिवारी की ओर से मौजूद सभी भक्त लोगों के प्रति आभार जताया गया। इस मौके पर विनय कुमार तिवारी डॉ अतुल कुमार तिवारी विमलेश राहुल सुशील प्रमोद सत्येंद्र मनीष कुमार तिवारी सुमित विपिन अमित शिवा करन रितेश उत्सव बंशीधर कान्हा जी तिवारी सिद्धार्थ तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# पत्थर गिरिजा घर पर सम्यक संवैधानिक क्रांति मोर्चा के बैनर तले जनांदोलन

## यमुनानगर की चार तहसील के 100 गांवों के हजारों किसान, मजदूर पहुंचे पत्थर गिरिजा घर





अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** करछना, बारा, मेजा और कोरांव तहसील के तकरीबन 100 गांव के पिछड़े एवं दलित वर्ग से जुड़े हजारों महिला, पुरुष अपनी 10 सूत्रीय मांग को लेकर 20 मार्च को प्रयागराज पहुंच गए। तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन की कोई सार्थक परिणाम न मिलने के बाद किसानों मजदूरों का यह जन समूह आज जनपद स्तर पर अपनी मांग रखने के लिए पहुंचा है।सामूहिक रूप से धरना प्रदर्शन एवं पैदल मार्च करने के लिए प्रयागराज के लिए रवाना हुए सम्यक संवैधानिक क्रांति मोर्चा के बैनर तले धरना प्रदर्शन करने के लिए निकले किसानों के इस जनसमूह को लेप्रोसी मिशन चौराहा नैनी के पास रोक दिया गया। उनकी बसों को शहर के अंदर प्रवेश करने से रोक दिया गया। जिसके बाद सभी किसान बसों से उतरकर पैदल ही शहर के लिए मूव कर गए। इस दौरान अचानक से आई भीड़ के कारण लेप्रोसी मिशन चौराहा नैनी पर जाम लग गया। जिसे खाली कराने के लिए पुलिस को पसीने बहाने पड़े।

### 4 मार्च को व्यापक पैमाने पर किया गया था धरना प्रदर्शन

गत 4 मार्च को यमुना पार के करछना तहसील मुख्यालय में सम्यक संवैधानिक क्रांति मोर्चा की ओर से व्यापक पैमाने पर धरना प्रदर्शन किया गया था। बैकवर्ड (ओबीसी, एससी, एसटी एंड माइनॉरिटी) जन आंदोलन के तहत बेरोजगार, किसान, मजदूर, जाति जनगणना एवं जनजाति दर्जा देने व भूवितरण के लिए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया था। संवैधानिक क्रांति मोर्चा के सब कोऑर्डिनेटर श्याम पटेल ने जिला कोआर्डिनेशन कमेटी समिक संवैधानिक क्रांति मोर्चा की ओर से 10 सूत्री मांग पत्र एसडीएम करछना डॉ. गणेश कनौजिया को सौंपा गया था।

### 20 मार्च को 100 गांव से लोग पैदल मार्च पर निकले

मांग पत्र पर कोई सार्थक जवाब न मिलने से नाराज इस संगठन के लोगों ने 20 मार्च को यमुना पार के करछना कोरांव, मेजा और बारा तहसील के लगभग 100 गांव से बसों और अन्य वाहनों से हजारों की संख्या में महिला पुरुष किसान मजदूर प्रयागराज शहर में धरना प्रदर्शन करने और पैदल मार्च करने के लिए निकले। दोपहर में नैनी लेप्रोसी मिशन चौराहे के पास इनके वाहनों को शहर के अंदर प्रवेश करने से रोक दिया गया। जिसके बाद सारे वाहन नए पुल एटलेन के बगल में पार्क करा दिए गए। जहां से किसान मजदूर पैदल ही प्रयागराज शहर के लिए रवाना हो गए। पुलिस प्रशासन ने इन किसान मजदूरों को बहुत समझाने का प्रयास किया लेकिन कोई माना नहीं।इस दौरान मोस्ट पीपुल्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय संयोजक रामराज आदिवासी, राष्ट्रीय प्रभारी कमलेश गुप्ता, राष्ट्रीय प्रचारक अश्वनी पटेल, राष्ट्रीय संयोजिका सुशीला आदिवासी, राष्ट्रीय सह संयोजिका संगीता कनौजिया, जिलाध्यक्ष शालिग्राम आदिवासी, जिला संयोजक ओमप्रकाश आदिवासी, तहसील अध्यक्ष रिंकू कोटार्य, किसान नेता रामराज पटेल, सामाजिक कार्यकर्ता वंश बहादुर आदिवासी के अलावा एडवोकेट वीरेंद्र आदिवासी, लाल बहादुर गुप्ता, ओम शंकर आदिवासी, शकुंतला भारतीय, स्वाति भारतीय, अनीता, सुषमा कोटार्य, फूलकली पटेल, शिवपति रत्नाकर, अर्चना रत्नाकर, संजू देवी, अरविंद विश्वकर्मा, सूर्यमणि निषाद, किरण आदिवासी, भैरवलाल आदिवासी, अजय कुमार, मनीषा गौतम, प्रवीण कुमार कुशवाहा और अनामिका आदिवासी समेत हजारों लोग शामिल रहे।

### मजदूर परिवारों को 5000 रुपए मासिक भत्ता की मांग की गई थी

मांग पत्र में सरकारी संस्थानों का हो रहा निजीकरण असंवैधानिक है। अतः निजीकरण प्रक्रिया बंद किया जाए। निजी किए गए संस्थानों का पुनः राष्ट्रीयकरण किया जाने, राष्ट्रीय किसान आयोग का गठन कर किसानों की मासिक आय कम से कम चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी के बराबर निर्धारित करने, ओबीसी की जातिवार जनगणना कराने, सभी जाति वर्गों को आबादी के अनुपात में सभी क्षेत्रों विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और सरकारी संस्थानों में हिस्सेदारी सुनिश्चित करने, क्रीमीलेयर तत्काल खत्म कर ओबीसी की 60% आरक्षण सुनिश्चित करने, उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा 63 - 64 के अधीन आवासीय एवं धारा 126 के अधीन कृषि हेतु कम से कम पांच - पांच बीघे जमीन भूमिहीनों एवं कृषि मजदूरों/अपेक्षित वर्गों को देना सुनिश्चित करने औरमत्स्य पालन और बालू खनन करने वाले मजदूर परिवारों को पांच हजार रुपए मासिक भत्ता देने की मांग की गई थी।उच्च एवं उच्चतम न्यायपालिका के जजों की नियुक्ति में ओबीसी, एससी/एसटी व माइनॉरिटी को भी पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जाने, भारत में एक राष्ट्र एक शिक्षा नीति के तहत समान अनिवार्य एवं मुफ्त शिक्षा नीति लागू करने, कोल, मुसहर, धरकार, गोंड आज जातियों को उत्तर प्रदेश में भी जनजाति का दर्जा देकरजनजाति की सुविधाएं देना सुनिश्चित करने, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए पैतृक संपत्ति एवं देश के सभी संस्थानों में हिस्सेदारी सुनिश्चित करने, सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों की पेंशन व अन्य सुविधाएं तत्काल बंद करने, तहसील, ब्लाक एवम थानों में रिश्वतखोरी रोकने हेतु कमेटी बनाकर साप्ताहिक समीक्षा रिपोर्ट सार्वजनिक करने, बालू पत्थर खनन एवं मत्स्य पालन का कार्य पीढ़ी दर पीढ़ी से करते चले आ रहे लोगों को अनुज्ञापत्र जारी करने और इन्हें अनुदान के रूप में प्रतिमाह पांच हजार रुपए दिए जाने की मांग की गई थी।



## पिस्टल के साथ युवक की तस्वीर वायरल

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र में फिर एक युवक की पिस्टल के साथ तस्वीर वायरल हो रही है जिसे यूपी पुलिस को ट्वीट भी किया गया है। लोगों का कहना है कि पहले भी आधा दर्जन लड़कों की अवैध तमंचा और पिस्टल के साथ बनी रील व तस्वीर वायरल हुई थी पर पुलिस ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की। लगातार कार्यवाही के बाद भी अवैध पिस्टल व तमंचे के साथ फोटो वरील बनाने का क्रेज युवाओं में कम होने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को वायरल युवक की फोटो पिस्टल के साथ यूपी पुलिस को ट्वीट कर कार्रवाई की मांग की गई है। बताया गया है कि यह युवक झूंसी का रहने वाला है और अपराधी किस्म का है क्षेत्र में गुंडा टैक्स वसूली करता है। ट्वीट पर प्रयागराज पुलिस ने झूंसी पुलिस को कार्रवाई का निर्देश दिया है। अखबार इस फोटो की पुष्टि नही करता है।



## भाजपा नेता योगेश शुक्ल बारिश व तूफान से प्रभावित क्षेत्रों का, ग्राम वासियों के साथ किया निरीक्षण

**मेजा रोड।** सोमवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने कल हुए यमुनापार में हुई बे मौसम बारिश और ओला वृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।आज दिन में भाजपा नेता योगेश शुक्ल बारिश और तूफान से प्रभावित मेजा के गेदुरही, कोना, हड़गड सहित कई गावो का भ्रमण करते हुए ओला वृष्टि से प्रभावित कोराव के खजुरी , देव घाट , पचवा, गाढ़ा , बढ़ोखर, पहुंचे , वहा पर श्री शुक्ल ग्रामवासियों और सहयोगियों के साथ प्रभावित खेतो और खलिहानो का निरीक्षण किया ।श्री शुक्ल ने किसानों को भरोसा दिलाया कि भारतीय जनता पार्टी और मोदी जी और योगी जी की सरकार किसानों के हर दुख दर्द में उनके साथ खड़ी है।उन्होंने ने उम्मीद जताया है कि प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी शीघ्र ही एक एक खेत गाटा का प्रत्यक्ष सर्वेक्षण कर के क्षति पूर्ति हेतु रिपोर्ट शीघ्र ही सासन को भेजेंगे। इस अवसर पर हरी मोहन पांडेय ,रवि यादव, वीरेंद्र केशरी, पवन सिंह , विनोद सिंह, मुन्नी लाल पटेल, प्रधान शिव लाल , देव नाथ गोस्वामी, हरी कांत पांडेय, शिव मोहन सिंह, हरी प्रसाद पाल, लल्लू लाल निषाद , बालेंद्र, सहित सैकड़ों किसानों मौजूद रहे।

# चार्ज संभालते ही सीडीओ ने किया गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** विकास खंड शंकरगढ़ के गाढ़ा कटरा में निमार्णाधीन अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल, टीएचआर प्लांट की परियोजना के साथ विकास खंड शंकरगढ़ का निरीक्षण नवागत मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने किया। सीडीओ ने निरीक्षण के दौरान पाई गई तमाम कमियों को अविलंब दूर करने का निर्देश दिया। सोमवार को ही चार्ज संभालने वाले नवागंतुक मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार द्वारा प्रयागराज के विकास खंड शंकरगढ़ स्थित ग्राम पंचायत गाढ़ा कटरा में निमार्णाधीन अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल, टीएच आर प्लांट की परियोजना एवं विकास खंड शंकरगढ़ कार्यालय का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान कुछ कर्मचारी अनुपस्थित रहे,जिनका वेतन रोकने का निर्देश दिया गया।इसके अलावा साफ,सफाई पर विशेष ध्यान देने और परिसर में पाई गई कमियों को तत्काल ठीक कराने के निर्देश खंड विकास अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों को दिए गए। निरीक्षण के समय जनपद के जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, उपायुक्त श्रम रोजगार,अन्य जनपद व विकास खंड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### अनुपस्थित पाए जाने वाले कर्मचारियों का वेतन रोकने का निर्देश




### राहिल हसन ने कहा- गुलाम का एनकाउंटर होता है तो नहीं लेंगे उसकी लाश

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी गुलाम हसन के शिवकुटी में रसूलाबाद मेहंदौरी स्थित मकान को सोमवार को जमींदोज कर दिया गया। इस दौरान उसके भाई और भाजपा अल्संख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष राहिल हसन ने कहा कि उनके परिवार का गुलाम हसन से कोई तालमेल नहीं था। गुलाम बचपन से ही काफी कट्टर था और आपराधिक प्रवृत्ति का था। उसके चलते परिवार के लोगों की छवि समाज में खराब हुई है। कहा कि अगर पुलिस गुलाम हसन का एनकाउंटर करती है तो वह उसकी लाश तक नहीं लेंगे। कहा कि सीसीटीवी देखकर पहले तो यकीन नहीं हुआ कि उनका भाई भी ऐसा काम कर सकता है। कहा कि गुलाम ने परिवार के लोगों की बात कभी नहीं मानी। उसके चलते परिवार को आज यह दिन देखना पड़ रहा है।

# हाईकोर्ट के आदेश पर भारी पड़े विधायक करछना

अखंड भारत संदेश

**करछना।** तहसील के राजस्व गांव पचदेवरा में सैकड़ों वर्षों से तलाबी रकवे पर मकान बनाकर रह रहे ग्रामीणों को पूर्व प्रधान द्वारा पीआईएल दाखिल करके हाईकोर्ट में तालाब के रकबे को खाली कराने का आदेश कराया था जिस पर सोमवार को राजस्व टीम तहसील दार करछना डॉ गणेश सिंह राजस्व कर्मियों के साथ मैं फोर्स जेसीबी के साथ पचदेवरा गांव हाईवे से लगे तालाब पर अतिक्रमण हटा रहे थे कि तभी विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद लाव लश्कर लेकर उक्त तालाब पर पहुंच गए उन्होंने तालाब पर अतिक्रमण हटाने से मना कर दिया तहसीलदार करछना डॉ गणेश सिंह ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश पर तालाब पर अतिक्रमण को खाली कराया जा रहा है जो कोर्ट का पालन किया जा रहा है लेकिन वही विधायक करछना पीयूष रंजन राजस्व टीम का नेतृत्व कर रहे तहसीलदार डॉ गणेश सिंह को अतिक्रमण हटाने से मना कर दिया जिससे हाईकोर्ट के आदेश पर हटाने गई राजस्व टीम बैरंग वापस लौट गई बताया जाता है कि उक्त तालाब पर 18 लोगों ने तालाब पर मकान बना लिया था पूर्व प्रधान ने पीआईएल दाखिल किया था हाईकोर्ट के आदेश पर राजस्व टीम 18 में से 2 लोगों का अतिक्रमण हटाया गया था तभी विधायक ने पहुंचकर हाईकोर्ट के आदेश पर राजस्व कर्मियों को मना कर दिए।

### तालाब पर बने मकान का अतिक्रमण हटाने गई राजस्व टीम को डांट कर भगाया



## न्यायिक मजिस्ट्रेट को मैसेज भेज परेशान करने वाले वकील की जमानत निरस्त, मजिस्ट्रेट ने खुद की बहस

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कानपुर की एक मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के साथ महाराजगंज में तैनाती के दौरान फेसबुक पर आपत्तिजनक संदेश लिखने व लगातार मैसेज भेजकर परेशान करने वाले वकील अभय प्रताप की जमानत निरस्त कर दी है और उसे अदालत में समर्पण करने का निर्देश दिया है। इतना ही नहीं कोर्ट ने न्यायिक अधिकारी को मानसिक प्रताड़ना देकर न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने के आरोपी वकील अभय प्रताप के खिलाफ आपराधिक अवमानना कार्यवाही करने का भी आदेश दिया है ।कोर्ट ने कहा कि आपत्तिजनक मैसेज भेजकर न्यायिक अधिकारी के मन में भय पैदा कर किया गया। इस स्थिति में कोई भी न्यायिक कार्य नहीं कर सकता। जीरो टालरेंस की नीति अपनाते हुए ऐसे मामले से सख्ती से निपटना चाहिए। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ ने मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अर्जी पर दिया है।

**याची मजिस्ट्रेट ने खुद की बहस** : मालूम हो कि महाराजगंज अदालत के वकील अभय प्रताप ने वहीं पर न्यायिक मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात याची के खिलाफ प्रेम दशार्ने जैसे तमाम आपत्तिजनक संदेश फेसबुक पर डाले और काफी परेशान किया तो याची ने कोतवाली में 11 नवंबर 22 को एफआईआर दर्ज कराई। उसे 23 नवंबर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। किंतु सत्र अदालत ने 17 दिसंबर 22 को जमानत पर रिहा कर दिया। जिसे निरस्त करने के लिए याची मजिस्ट्रेट ने हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल कर स्वयं बहस की और कहा कि उसकी शादी में ऐसे संदेश खलल डाल कर उसके वैवाहिक जीवन को बर्बाद कर सकते हैं। इसलिए जमानत निरस्त की जाए।

# संविधान में प्रदत मौलिक अधिकारों की रक्षा शिक्षा पर ही निर्भर : डॉ मानसिंह

अखंड भारत संदेश

**करछना।** शिक्षा ही एक ऐसा अस्त्र है जिससे संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकार की रक्षा हो सकती है। उक्त उदगार मांडा क्षेत्र के चार्मिंग चिल्ड्रन स्कूल बेला अहिरान प्रयागराज में बतौर मुख्य अतिथि स्नातक एम एल सी डॉ मान सिंह यादव ने विद्यालय के भवन के उद्घाटन के अवसर पर व्यक्त किए डॉ मानसिंह ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान में शिक्षा के अधिकार का जो सपना देखा था मा० नेताजी ने करके दिखाया शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए कार्य आज भी साक्षी हैं। विशिष्ट अतिथि श्रीमती विजमा यादव विधायक प्रतापपुर ने विद्यालय प्रबंध की इस बात के लिए प्रशंसा की इस क्षेत्र में बच्चों को आधुनिक एवं अंग्रेजी माध्यम शिक्षा देने का यह महत्वपूर्ण केंद्र होगा। तथा मंचासीन विधायकों डॉ मान सिंह यादव एवं संदीप पटेल से अनुरोध किया कि इस विद्यालय को आप का सहयोग मेरे लिए राखी की बंधाई का उपहार होगा मंचासीन क्षेत्रीय विधायक संदीप पटेल ने कहा कि विद्यालय प्रबंध को आर्थिक कमी नहीं आने दूंगा अपेक्षा से ज्यादा विद्यालय संचालन में तन मन धन लगा दूंगा ।अपने अध्यक्षीय भाषण में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो० रमाकांत यादव ने कहा कि शिक्षा शेरनी का वह दूध है जो जितना पिएगा उतना ही दहाड़ेगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को गृह कार्य उनके अनुरूप शिक्षा देना ही मुख्य लक्ष्य होना चाहिए ।जिसके लिए उन्हें तल्लीनता के साथ पढ़ना होगा।



उक्त आशय की सूचना संघ के जिला मीडिया प्रभारी जेपी यादव ने दी है। समारोह को माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ननकेश बाबू खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र प्रताप प्रवीण यादव पंचू राम निषाद नीरज यादव महेंद्र प्रताप सिंह सहित अनेक वक्ताओं ने संबोधित किया ।कार्यक्रम का संचालन अवधेश यादव तथा अतिथियों का माल्यार्पण अंगवस्त्रम व मां सरस्वती की प्रतिमा प्रदान कर अतिथियों को सम्मानित किया गया ।विद्यालय के संरक्षक ई० राजमणि यादव तथा प्रबंधक राहुल सिंह अभिषेक रंजन विनोद कुमार डॉ उमेश यादव ज्ञानेंद्र कुशवाहा प्रेमचंद सीबी यादव राजेश यादव अवधेश श्रीवास्तव ग्राम प्रधान बेला खास सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# इनकाउंटर अब दायं दायं से सुर्खियों में आए प्रियांशु

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** प्रयागराज के जाने माने गायक एवं अभिनेता प्रियांशु श्रीवास्तव इन दिनों अपने नए गीत इनकाउंटर अब दायं दायं से देशभर में काफी सुर्खियों में चल रहे हैं, होली के अवसर पर प्रियांशु द्वारा गाये हुए इस गीत को जी मीडिया ने राष्ट्रीय चैनल पर लाइव प्रस्तुति कराकर लाखो लोगो तक इस गीत को पहुंचाया था उसके बाद से एक सप्ताह में ही जी न्यूज उत्तर प्रदेश पर ये गीत ट्रेंडिंग में आ गया और प्रयागराज के वर्तमान हालात को बयां करता हुआ ये गीत हर राष्ट्रप्रेमी की जुबान पर सुना जाने लगा,इन दिनों प्रयागराज के युवाओं ने इस गीत को अपने स्टेटस पर भी लगाकर होली पर प्रयाग में उमेश पाल के अपराधियों के इनकाउंटर पर माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा की गई सकारात्मक कार्यवाही को समर्थन दिया है,सिर्फ युवा ही नही कुछ दिनो से सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं एवं वरिष्ठ नेताओं के द्वारा भी ये गीत शेयर किया गया है,प्रियांशु से पूछने पर उन्होंने बताया की वो एक



कलाकार है उनका उद्देश्य हर प्रकार से सामाजिक समरसता को बनाकर रखना है परंतु वर्तमान हालात को जनता तक लेकर आना भी कवि एवं कलाकारों का फर्ज है, इस कारण से इस गीत को उन्होंने लिखा ,उन्होंने बताया की उन्हें भी नही पता था की ये गीत इतना पसंद किया जाएगा ।उन्होंने बताया की आज ही पार्टी के वरिष्ठ प्रतिनिधि ने बताया है की इस गीत को उप मुख्यमंत्री महोदय द्वारा भी काफी सराहा गया है और इसे सुचारू रूप से रिकॉर्ड कर प्रदेश में व्यापक रूप से प्रचारित प्रसारित भी पार्टी के सहयोग से जल्द किया जाने की बात चल रही है प्रियांशु ने मुख्यमंत्री महोदय की तारीफ करते हुए कहा की जितना संभव होगा वो अपनी लेखनी एवं आवाज से भारतीय जनता पार्टी के अच्छे कार्यों के प्रचार प्रसार करते रहेंगे, हालाकि गीत पर विभिन्न प्रकार के विरोधो एवं अवरोधों पर उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा की जब यू पी में है हम सबके अभिभावक हमारे योगी बाबा ,तो डर फिर काहे का। प्रियांशु के एक सरकारी कर्मचारी होते हुए ऐसे गीतों के गाने पर उन्होंने कहा की राष्ट्रभक्ति करने से किसी को कोई रोक नहीं सकता और लोक सेवक आचरण नियमावली में समाज हित में कार्य करना सभी सरकारी कर्मचारियों का उद्देश्य होना चाहिए और रही बात नियमावली की तो आचरण के विरुद्ध एवं भ्रष्टाचार में लिप्त लोक सेवकों को दो टूक उन्होंने कहा की अगर मैं राष्ट्र भक्ति के गीतों को गा सकता हूं तो लोक सेवक होकर भ्रष्टाचार करने वालो का गुडगान करने में उन्हें और खुशी मिलेगी। इसलिए एक कलाकार को उसका कर्तव्य करने में बाधा बनने की चेष्टा न कर राष्ट्र हित में सभी से सहयोग करने की अपील की।




## राष्ट्रपति अभिभाषण के विषय पर संगोष्ठी का किया गया आयोजन

**करछना।** सोमवार को करछना क्षेत्र के देवरी कला गांव स्थित प्रमुख आवास पर भाजपाइयों के द्वारा राष्ट्रपति अभिभाषण के विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक पियूष रंजन निषाद, भाजपा जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद पांडे, राजेश शुक्ला रहे। कार्यक्रम में विधायक पियूष रंजन निषाद ने संबोधित करते हुए बताया कि देश व प्रदेश की सरकार दलित, गरीब ,पिछड़े ,वंचित लोगों के लिए लगातार कार्य कर रही है। सरकार की जो भी योजनाएं चलाई जा रही भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता उस योजना को जन जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार द्विवेदी ने सरकार की विभिन्न योजनाओं को गिनाया। जिस मौके पर मिथिलेश कुमार द्विवेदी, विजय शंकर गुप्ता, प्रदीप पाठक, नितिन मिश्रा, भोले द्विवेदी, रवि पटेल, सुरेश कुमार, सुशील पटेल,गुलाम रसूल, देवकृष्ण कोटर्य, प्रमोद तिवारी सोहगौरा, उत्तम द्विवेदी, शिवराम निषाद, काशी विश्वकर्मा एवं बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।




## जॉब फेयर 2022 मे डिप्लोमा के 26 छात्र हुए चयनित

अखंड भारत संदेश

**करछना।** बैंदो स्थित प्रयाग इन्सटीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट मे शुक्रवार को कॉलेज परिसर मे डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल ब्रांच के छात्रों के लिए जॉब फेयर 2023 का आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज के 26 छात्र जिसमें चयन हुआ। जॉब फेयर मे डिप्लोमा के 20 छात्र विशाल गुप्ता, सूर्य प्रताप, आदित्य मिश्रा, प्रियांशु दिवेदी , रितेश सिंह, विवेक सिंह आदि का टेक्मैस्य इंडिया मे और 6 छात्र अमन सिंह, शुभम सिंह , अदिति दिवेदी, आदि का के एच वाई इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड मे चयन हुआ। चयनित छात्रों को संस्थान के चेयरमैन ज्ञान सिंह पटेल एवं सचिव विकास सिंह पटेल ने बधाई दी। संस्थान के निदेशक डॉक्टर सुभाष चंद्र तिवारी ने सभी छात्रों को ऑफर लेटर प्रदान किया और कुलसचिव आशीष तिवारी ने छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, आशुतोष तिवारी, रवींद्र सिंह, अरविंद पांडे, एच एल पटेल, हिमांशु दिवेदी, प्रेम चंद, मनीष सिंह ,सुप्रिया श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## चोरी के अभियोग का आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश पर नवाबगंज पुलिस ने रात्रि में ग्राम पंचायत भवन के कमरे का ताला तोड़ने वाले दो व्यक्तियों को ग्रामिणों द्वारा पकड़े जाने पर भौगोलिक स्थिति का लाभ उठाकर मौके से भाग निकलने पर तहरीर के आधार पर नवाबगंज पुलिस ने अभियोग पंजीकृत किया जिसमे सोमवार को जनपद प्रतापगढ़ के थाना नवाबगंज से उ0नि0 अनूप कुमार यादव अपने हमराही के साथ क्षेत्र भृमण वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के लवाना की तरफ से परियावाँ की ओर आते समय नहर पुल से थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 43/23 धारा 457, 380, 511 भादवि में वांछित मोटर साइकिल सवार अभियुक्त विनोद कुमार पुत्र सदाशिव सरोज नि0ग्राम सरपतहा का पुरवा थाना उंचाहार जनपद रायबरेली प्रतापगढ़ को एक लोहे की शब्बल(दोनों तरफ से नुकीला) व टूटा हुए ताला के साथ गिरफ्तार किया।

# अखण्ड हिन्द फौज के सैनिकों का देश के प्रति समर्पण प्रेरणादायीः सीओ सिटी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अखंड हिन्द फौज के राज्यीय भ्रमण के अन्तर्गत मध्यप्रदेश व उत्तर प्रदेश के प्राचीनतम व ऐतिहासिक धरोहर की यात्रा पर जा रहे गर्ल्स डिवीजन के बस को सीओ सिटी सुबोध गौतम, पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष व अखंड हिन्द फौज के संरक्षक रवि गुप्ता, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रुचि केसरवानी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसमें प्रतापगढ़ और सुल्तानपुर की सैकड़ो गर्ल्स डिवीजन की कैडेट्स शामिल हुई।

सीओ सिटी सुबोध गौतम अखंड हिन्द फौज के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि अखंड हिन्द फौज के सैनिकों का देश के प्रति समर्पण और देशप्रेम का जज्बा देश के प्रत्येक युवाओं के लिए प्रेरणादायी है। मेला संचालन में सुरक्षा एवं भीड़ नियंत्रण की दृष्टि से समय-समय पर अखंड हिन्द फौज के सैनिकों का प्रशासन का सहयोग की भावना प्रशंसनीय है। इस अवसर पर भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष व अखंड हिन्द फौज के संरक्षक रवि गुप्ता ने बताया कि सामाजिक सेवा संस्थान अखंड हिद फौज युवक-और युवतियों को उनके सामाजिक दायित्वों को लेकर प्रेरित कर रही है।

### अखण्ड हिन्द फौज की धरोहर यात्रा हुई रवाना



अखण्ड हिन्द फौज की धरोहर यात्रा को हरी झण्डी दिखाते सीओ सिटी

इसके लिए वह उनको एक फौजी की तरह देश सेवा के लिए तैयार कर रही।यह एक बड़ी जिम्मेदारी है कि हम अपने साथ अपने देश के लोगों के हित के लिए काम करें। इसका जोश और जज्बा हर युवक और युवती में होना चाहिए। इस अवसर गर्ल्स डिवीजन की जिला कमांडर पुष्पा, सेक्शन कमांडर शालू द्विवेदी, फौज के जिला उपाध्यक्ष मुन्ना पाल धनगर, दिव्या गौड़, खुशी कनौजिया, अनु विश्वकर्मा, गुड़िया कुमारी व सैकडो गर्ल्स कैडेटस उपस्थित रहे।

## नवरात्र की तैयारीः मां बेल्हा देवी मंदिर मार्ग पर चुस्त-दुरुस्त की जा रही प्रकाश व्यवस्था

### घाटों की सफाई में लगे 40 नगर पालिका कर्मी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नवरात्र में मां बेल्हा देवी मंदिर में होने वाली भीड़ को देखते हुए जहां मंदिर के बाहर नगर पालिका के कर्मचारी साफ-सफाई में लग गये हैं, वहीं प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग से बेल्हा देवी मंदिर की ओर जाने वाली सड़क पर प्रकाष व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने में नगर पालिका के कर्मचारी पसीना बहा रहे हैं।

नगर पालिका के अधिषाषी अधिकारी राम अचल कुरील के निर्देषन में नगर पालिका के कर्मचारियों ने जहां सभी विद्युत पोलों पर लगी लाइटों को चुस्त-दुरुस्त किया, वहीं बेल्हा देवी घाट की सफाई 40 कर्मचारी लगकर कर रहे थे। नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि एक दिन बाद नवरात्र है, इसके पहले सफाई व्यवस्था व प्रकाष व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के निर्देष दिये गये हैं। बता दें कि नवरात्र में श्रद्धालु मंदिर परिसर के अलावा घाटों पर भी भारी भीड़ लगाते हैं। इसी की तैयारी के लिये आज दिन भर कार्य होता रहा। श्रद्धालुओं की भीड़ से निपटने के लिये मंदिर के बाहर बैरीकेटिंग का भी कार्य शुरू कर दिया गया है।



बिजली के खंभों को ठीक करता नगर कालिका कर्मी।

# विश्व गौरैया दिवस पर एलायंस क्लब की हुई संगोष्ठी

### गौरैया के संरक्षण पर वक्ताओं ने दिया जोर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ द्वारा विश्व गौरैया दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन शारदा संगीत महाविद्यालय में किया गया। गौरैया को पालने के लिए क्लब के अंतरराष्ट्रीय निदेशक रोशनलाल उमरवैश्य ने घोसले वितरित किए।

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार एवं पूर्व बाल न्यायाधीश डॉ दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि धरती के आकर्षण को बचाने के लिए गौरैया का संरक्षण आवश्यक है। गौरैया घर आंगन की शोभा है इसके दर्शन से दुख तनाव दूर हो जाता है। संगोष्ठी के आयोजक एलायंस क्लब इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय निदेशक रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि गौरैया का विलुप्त प्राय होना पृथ्वी के लिए एक खतरनाक संकेत है। गौरैया मानव मित्र हैं इसका दर्शन सुखकारी होता है। इसकी रक्षा के लिए विशेष प्रयास करने होंगे। श्री उमरवैश्य ने संकल्प लेते हुए कहा कि क्लब घोसला बांटकर गौरैया का संरक्षण अभियान जारी रखेगा। उपस्थित लोगों ने हाथ उठाकर गौरैया के संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा, संतोष कुमार, छेदीलाल, देवानंद, विवेक कुमार, प्रशांत पांडे, राजीव कुमार आर्य, शिवेश शुक्ला, परमानंद मिश्रा, बिना श्रीवास्तव, प्रज्ञा सिंह, अंशिका शुक्ला, विशाल यादव, अशोक तिवारी, दुर्गेश शुक्ला, अनुज पांडे, शिवम तिवारी, दीपा केसरवानी, सुमेधा श्रीवास्तव, कोमल शर्मा, रोहित आदि उपस्थित रहे।



गौरेया के संरक्षण का संकल्प लेते एलायंस क्लब के पदाधिकारीगण।

## मांगों को लेकर सैकड़ों महिलाओं ने नगर पंचायत में दिया धरना

**प्रतापगढ़।** कार्यालय नगर पंचायत कोहंडौर में हरिकेश गौतम एवं मीना गौतम के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं पुरुषों के साथ दूसरे चरण का धरना प्रदर्शन करके पांच सूत्रीय मांग के साथ जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया और सभी लोगों ने शहीद सतीश चंद्र वर्मा के स्मारक पर जाकर शहीद की प्रतिमा पर माला फूलों से श्रद्धांजलि अर्पित किया गया और लोगों ने प्रण लिए की जब तक गरीबों, वचिंतो, छप्पर वालों, झोपड़ी वालो को प्रधानमंत्री आवास नहीं मिल जाता है तो तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# हलक तर करने के लिए बूंद-बूंद पानी को तरस रहे है नौनिहाल, महीनो से खराब पड़ा हुआ है हैण्डपंप



हैण्डपम्प पर पानी पीने के लिये लगी बच्चों की भीड़।

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र स्थित संविलियन विद्यालय कलापुर के नौनिहाल हलक तर करने के लिए बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे है। महीनों से स्कूल का हैण्डपंप खराब पड़ा हुआ है।इसे बनवाने के लिए कोई भी जिम्मेदार आगे नहीं आ रहा है। स्थानीय विकास खंड के कलापुर स्थिति संविलियन विद्यालय का हैंडपंप महीनो से खराब पड़ा हुआ। इस समस्या की तरफ न तो विभाग आगे आ रहा है और न ही ग्राम पंचायत के जिम्मेदार। इस दशा में विद्यालय के बच्चो को पानी लाने के लिए लगभग पांच सौ मीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। यही नहीं गुरु जी के पानी लाने की भी जिम्मेदारी इन्हीं बच्चों पर ही है। इस तरह की अव्यवस्था के चलते जहां छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वही शिक्षण कार्य भी बाधित हो रहा है। इस संबंध बीईओ प्रभाकार यादव से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन मोबाइल न उठाने के कारण बात नही हो सकी।

### बच्चो ने समस्या को लेकर वायरल किया वीडियो

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** समस्या से जूझ रहे कलापुर विद्यालय के छात्रों ने एक वीडियो वायरल किया है।जिसे दो दिन पुराना बताया जा रहा है।जिसमें बच्चे स्कूल से दूर पुरवे में हैंडपंप के पास खड़े है और बता रहे है कि खुद के साथ ही गुरु जी के लिए भी पानी ले जाना पड़ता है, और यह दिक्कत महीनो से है।इस समस्या के निराकरण के लिए कोई भी आगे नही आ रहा है।

## शोषण के खिलाफ रेल कर्मचारियों ने दिया धरना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रनिंग स्टाफ से आठ घंटे की बजाय जबरिया दस,बारह घंटे की ड्यूटी लेने के खिलाफ सोमवार को प्रतापगढ़ में रेल कर्मचारी मुखर हो गए हैं। उन्होंने इसे शोषण करार दिया। इसको अफसरों का तुगलकी फरमान बताते हुए मेंस यूनियन के बैनर तले धरना प्रदर्शन करते हुए इसका विरोध किया गया। एसएस दफ्तर के सामने आंदोलित कर्मचारियों ने मुदार्बाद के नारे लगाए। सभा को संबोधित करते हुए शाखा अध्यक्ष मो शफीक ने कहा कि ड्यूटी के समय लोको पायलट और गार्ड का सीयूजी फोन ऑफ रखने के अधिकारियों के फरमान का विरोध किया जाता है। ड्यूटी आठ घंटे ली जाए। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन स्कीम बहाल की जानी चाहिए। नई पेंशन का यूनियन अरसे से विरोध करती चली आ रही है। ड्यूटी के दौरान सीयूजी फोन ऑन करने पर सुल्तानपुर के एक लोको पायलट के खिलाफ कार्रवाई की गई है। ये सब चलने वाला नहीं है। इस मौके पर एसएस को ज्ञापन दिया गया। धरने में उपाध्यक्ष मो अनीश, मनीष पांडे, मोहित यादव, रईस, हरिकेश, रंजन कुमार, राजीव रंजन, मुन्ना कुमार समेत कई स्टाफ मौजूद था।

## मारपीट का आरोप, दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के पूरे बख्तावर रामपुर बावली निवासी अभिमन्यु पुत्र हीरा लाल सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रविवार को शाम पांच बजे उसके घर पर पड़ोस के केश लाल, धीरेन्द्र, रामकिशोर, शैलेन्द्र एक राय होकर हमलावर हो उठे। आरोपियों ने पीड़ित के पिता के साथ रास्ते के विवाद को लेकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। पुलिस का कहना है तहरीर मिली है जांचकर कार्यवाही की जाएगी।

# मेधाशक्ति का उपयोग करके देश को बढ़ाने में दे योगदानः डा0 आरसी शर्मा

### श्रीभट्ट ब्राह्मण सभा का होली मिलन समारोह सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्रीभट्ट ब्राह्मण सभा के तत्वावधान में रंगारंग होली मिलन एवं विद्वतजन सम्मान समारोह ऊं सांई पैलेस मैरिज हाल, सरोज चैराहा ,रूपापुर में ब्रजेश शर्मा पूर्व मंत्री उ. प्र. शासन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डी.आर. डी.ए. के परियोजना निदेशक डा.आर. सी. शर्मा संचालन पं. अशोक राय, शिक्षक नेता ने किया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथिगण अखिलेश शर्मा एडवोकेट, पूर्व उपाध्यक्ष हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, महेन्द्र प्रसाद शर्मा एडवोकेट पूर्व अध्यक्ष, सुल्तानपुर बार एसोसिएशन रहे। कार्यक्रम में सबसे पहले फूलों की वर्षा करके और एक दूसरे के गले मिलकर और अबीर गुलाल लगाकर आपस में होली की शुभकामनायें दी गयी स उसके बाद कविगण सुनील प्रभाकर, डा श्याम शंकर श्याम, अनूप अनुपम आदि को प्रशस्ति पत्र और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। उनकी रसमयी और हुड़दंग वाली कविताएँ सुनकर श्रोतागण वाह वाह कर बैठे। इसी के साथ साथ समाज के प्रतिभाशाली बालक बालिकाओं डा. शिवानी शर्मा, डा. सर्वेष शर्मा, योगेश शर्मा डी.जी.सी. क्रिमिनल, विद्याभूषण शर्मा, एडवोकेट और विशिष्ट जनों का भी शाल दुशाले से सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि परियोजना निदेशक डा.आर. सी. शर्मा. ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज विश्व एक परिवार जैसा हो गया है और सूचनाओं का आदान प्रदान बड़ी तीव्र गति से हो रहा है। हम अपनी मेधाशक्ति का उपयोग करके देश को आगे बढाने में अपना बहुमूल्य योगदान दे सकते हैं। इसके लिए हमें सदैव स्वयं अपने साथ साथ अपने समाज को भी सृजनात्मक दिशा में कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए प्रेरित करना होगा। कार्यक्रम में सभाध्यक्ष पूर्व मंत्री ब्रजेश शर्मा ने कहा कि होली का त्यौहार हमें हमारी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण रखते हुए विकास के नये नये सोपान तय करने का प्रेरक संदेश देता हैस उन्होंने कहा कि होली का हर एक रंग हमारे राष्ट्र के भाल को उन्नत करे और कभी उसे बदरंग न होने दे, ऐसा हम सभी का पुरजोर प्रयास होना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य प्रमुख जनों में कैप्टन ओंकार नाथ शर्मा जिलाध्यक्ष, सुरेन्द्र शर्मा एडवोकेट पूर्व अध्यक्ष, प्रमोद पाण्डेय भट्ट पूर्व अध्यक्ष, विद्याभूषण शर्मा एडवोकेट, रूप नारायण शर्मा एडवोकेट, अशोक राय शिक्षक नेता, अरूण शर्मा, सुशील शर्मा, दीनदयाल शर्मा, अरविंद शर्मा, मनोज राय प्रधान, अरूण शर्मा शिक्षक, संजीव शर्मा रिंकू, राजेश शर्मा, मनोज शर्मा एवं सुशील शर्मा, त्रिलोकी शर्मा, उमेश शर्मा, वंशराज शर्मा आदि लोग रहे।



होली मिलन समारोह में बोलते मुख्य अतिथि।

## संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में नामांकन को लेकर प्रत्याशियों में भारी उत्साह

### नामांकन के अंतिम दिन अध्यक्ष समेत विभिन्न पदों पर उम्मीदवारों की हुई लम्बी फेहरिस्त

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में सोमवार को नामांकन के आखिरी दिन अध्यक्ष समेत विभिन्न पदों पर प्रत्याशियों के द्वारा समर्थकों के साथ पर्चा दाखिल करने की धूम देखी गयी। दीवानी तथा तहसील परिसर से समर्थकों के साथ प्रत्याशी गाजेबाजे के उत्साह के बीच फूल एवं मालाओं से लदे तहसील परिसर स्थित चुनाव समिति के कार्यालय लाइब्रेरी हाल पहुंचे।

यहां प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया। अध्यक्ष पद पर अनिल तिवारी महेश, संदीप सिंह, संतोष कुमार पाण्डेय, प्रवीन कुमार यादव, विजय कुमार तिवारी व दिनेश यादव मैदान में सामने आए हैं। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अम्बुज कुमार पाण्डेय तथा शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी व अबरार अहमद एवं उपाध्यक्ष पद पर आशीष कुमार तिवारी, लाल विनोद कुमार सिंह, सुधाकर मिश्र व विनय कुमार जायसवाल ने नामांकन दाखिल किया। महामंत्री पद पर धीरेन्द्र कुमार शुक्ल, हरिश्चन्द्र पाण्डेय, संजीव कुमार तिवारी, सूर्यकांत शुक्ला निराला ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। चुनाव समिति के प्रवक्ता ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने बताया कि सहमंत्री पद पर अश्विनी कुमार पाण्डेय व पंकज कुमार तिवारी तथा प्रचार मंत्री पद पर सतीश पाण्डेय व निलेश त्रिपाठी तथा कोषाध्यक्ष पद पर अभिषेक शुक्ला एवं राजेश द्विवेदी, आय व्यय निरीक्षक पद पर इरफान अली व सत्यम त्रिपाठी एवं सदस्य कार्यकारिणी पर नवनीत पांडेय, हरी नारायण पाण्डेय, इमरान खान, अनिल कुमार त्रिपाठी व सतीश पाण्डेय ने अपने परचे भरे हैं। नामांकन प्रक्रिया की देखरेख में चुनाव समिति के अध्यक्ष राममोहन सिंह व महामंत्री देवी प्रसाद मिश्र के साथ विकास मिश्र, लाल राजेन्द्र सिंह, राधारमण शुक्ल, वीरेन्द्र सिंह, शिवाकांत उपाध्याय, बेनी लाल शुक्ल, रामलगन यादव, कालिका प्रसाद पाण्डेय आदि को कड़ी मशक्कत करते देखा गया।

# एमडीपीजी कालेज में शुरू हुई परीक्षाएं, 27 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एमडी पीजी कॉलेज में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र के निर्देशन में प्रथम आंतरिक टेस्ट की परीक्षाएं आज से शुरू हुईं। महाविद्यालय के जोगापुर परिसर में भी आज बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर के प्रथम एवं द्वितीय प्रश्न पत्र की परीक्षा हुई।

वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष डॉ सी एन पांडे की निगरानी में आज बिजनेस मैनेजमेंट एवं फाइनेंशियल अकाउंटिंग की परीक्षा हुई। परीक्षा में 131 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें 104 ने परीक्षा दी। 27 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में डॉ बलराज मिश्र, आकांक्षा मिश्रा, सभाजीत यादव, अनाथ शेट्टी आदि ने सहयोग किया। डॉ सी एन पांडे ने बताया कि बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर के जो परीक्षार्थी कतिपय कारणों से आज अनुपस्थित रहे हैं वे 23 मार्च को परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। इसके उपरांत किसी भी परीक्षार्थी को कोई अवसर नहीं दिया जाएगा। 21 मार्च को बीकॉम सेकंड सेमेस्टर की बिजनेस इकोनॉमिक्स एवं कंप्यूटराइज्ड अकाउंटिंग की परीक्षा होगी। 22 एवं 23 मार्च को एमकॉम द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाऐं होंगी। 24 एवं 25 मार्च को बीकॉम फोर्थ सेमेस्टर की प्रथम आंतरिक परीक्षा होगी। जोगापुर परिसर के वाणिज्य संकाय में ही आयोजित एनएसएस के पुरुषों एवं महिलाओं के सात दिवसीय संयुक्त विशेष शिविर के तीसरे दिन आयोजित शैक्षिक कार्यक्रम में महाविद्यालय के भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ राधा-कृष्ण दूबे ने छात्र- छात्राओं को संबोधित किया और कहा कि संगठनात्मक शक्ति लक्ष्य-प्राप्ति में सहायक है। कार्यक्रम का संचालन डॉ शैलेश कुमार पांडे एवं आभार ज्ञापन डॉ अमिता मिश्रा ने किया।



एमडीपीजी कालेज में परीक्षा देते परीक्षार्थी।

## गोविन्द तथा कृष्णा के सभापति निर्वाचित होने पर खुशी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** साधन सहकारी समिति के हुए चुनाव में अपने चहेते दावेदारों की जीत की खुशी सोमवार को जगह जगह देखी गयी। धारूपुर साधन सहकारी समिति के चुनाव में समाजसेवी गोविन्द नारायण पाण्डेय सभापति चुने गए। गोविन्द के सभापति चुने जाने पर लल्लन तिवारी, विनोद मिश्र, लल्ले पाण्डेय, अजय शुक्ला, राकेश पाण्डेय आदि ने खुशी जताते हुए मल्यार्पण कर गोविन्द को जीत की खुशी पर सम्मानित किया। वहीं रामपुर खास साधन सहकारी समिति में समाजसेवी बलराम शुक्ला की पत्नी कृष्णा शुक्ला को निर्विरोध सभापति निर्वाचित होने पर रामपुर बाजार में खुशी का माहौल देखा गया। समाजसेवी पं. रमाशंकर शुक्ल, पूर्व प्रमुख भुवनेश्वर शुक्ल, सुनील त्रिपाठी, महन्थ दुबे, कल्लू पाण्डेय, शीतला प्रसाद द्विवेदी, अरूण तिवारी आदि ने कृष्णा की जीत पर खुशी जतायी है।

# भाजपा नेता और व्यवसायी देश सेवक डब्बू से फोन पर मांगी गई रंगदारी, पुराने कर्मचारी पर आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भाजपा नेता और व्यवसायी रमाशंकर सिंह उर्फ देश सेवक डब्बू से रंगदारी मांगी गई है। न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। सोमवार को नगर कोतवाली में दी गई तहरीर में उन्होंने कहा है कि सुबह करीब 11:30 बजे फोन काल करके एक व्यक्ति ने धमकी दी, रंगदारी मांगी। भाजपा नेता का आरोप है कि उनकी मोबाइल की दुकान पर काम कर चुका एक पुराना कर्मचारी इस साजिश के पीछे है। वही कई बार पहले भी धमकी दे चुका है और पैसा मांग चुका है। उसके खिलाफ मुकदमा दर्जकर कार्रवाई की जाए।

दहिलामऊ दक्षिणी में कार्य में गुणवत्ता न होने के कारण इंटरलॉकिंग और नाली एक माह में ही टूट गई। अचानक बरसात होने से वह ध्वस्त हो गई। इस पर मुहल्लावासियों ने अनियमितता पूर्ण निर्माण की जांच व कार्रवाई की मांग की है। लोगों ने इस मामले में पहले भी जिलाधिकारी से शिकायत की थी तो अपर जिलाधिकारी ने जांच कराई थी। इसके बावजूद जेई और ठेकेदार पर कार्रवाई नहीं हुई। दोनों नेताओं ने अपने-अपने पत्र जारी करके एक-दूसरे के दावे को गलत बताया है।बिना रोड़ी की कुटाई और डीपीसी की सतह बनाए ही पीली ईंट से सिर्फ एक लेयर और एक फिट गहरी नाली निर्माण किया गया था। अधिशाषी अधिकारी रामअचल कुरील का कहना है कि इस तरह की कोई शिकायत मेरे संज्ञान में नहीं हैं। अगर ऐसा है, तो नाली का निर्माण पुनः कराकर उसे दुरुस्त कराया जाएगा।

## किशोरी के अपहरण का केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने किशोरी के अपहरण को लेकर चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के खारा का पुरवा अगई निवासी बृजलाल की पत्नी सुनीता ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती नौ मार्च को गांव के दीपक पुत्र मेवा, नेहा पत्नी दीपक, मुकेश पुत्र कामता सरोज व एक अज्ञात ने उसकी नातिन ज्योति को बहला फुसला कर भगा ले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मारपीट की घटना में तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के खानापट्टी निवासी कड़ेदीन के पुत्र शंकर ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तेईस जनवरी को रंजिशन गांव के राजू पुत्र सुन्दर, रीना पत्नी राजू तथा रंजीत पुत्र छोटे लाल ने पीड़ित तथा उसके परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की।

## फोन से युवक को मिली जान से मारने की धमकी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** अज्ञात व्यक्ति द्वारा कॉल किए जाने पर युवक को जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायत पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के उड़ैयाडीह के रहने वाले दुर्गेश कुमार मिश्रा ने कोतवाली में शिकायती पत्र दिया और बताया कि रविवार को उसके मोबाइल नंबर पर फोन आया और वह गाली गलौज करने लगा। पीड़ित ने मना किया तो वह जान से मारने की धमकी दिया। पीड़ित ने इस सम्बंध में कोतवाली पट्टी में शिकायती पत्र दिया है।

# निर्माणाधीन मकान में हाई वोल्टेज विद्युत करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

अखंड भारत संदेश

**मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में मचा कोहराम मकान निर्माण में लगा मालिक मौके से फरार**

**हाई वोल्टेज विद्युत तार के नीचे मकान निर्माण में तहसील प्रशासन की भूमिका पर उठे सवाल**





**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के ओसा रोड में शराब ठेके के सामने हाई वोल्टेज विद्युत तार के नीचे मकान के निर्माण में दर्जनों मजदूर लगे थे सोमवार की सुबह मिक्सर मशीन से सीमेंट बालू गिट्टी का मिश्रण कर मकान में छत डाली जा रही थी इसी बीच अचानक हाई वोल्टेज विद्युत तार की चपेट में मजदूर आ गया जिससे मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही अन्य मजदूरों में आक्रोश फैल गया घटना की जानकारी मजदूर के परिजनों को दी गई रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मजदूर के परिजन मुआवजे की मांग कर रहे हैं हाई वोल्टेज विद्युत तार के नीचे मकान निमार्णाधीन होने के मामले में मंझनपुर तहसील प्रशासन की भूमिका सवालों के घेरे में है आखिर किन परिस्थितियों में हाई वोल्टेज विद्युत तार के नीचे मकान निर्माण की अनुमति तहसील प्रशासन ने दी है जनपद मुख्यालय मंझनपुर में मकान निर्माण के पूर्व नक्शा पास कराना आवश्यक है लेकिन उसके बाद भी हाई वोल्टेज विद्युत तार के नीचे मकान निर्माण का नक्शा अधिकारियों ने कैसे पास कर दिया है यह अधिकारियों की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा हुआ है हाई वोल्टेज विद्युत तार के नीचे अधिकारियों ने मकान बनाने की अनुमति ना दी होती तो मजदूर की मौत नहीं होती हाई वोल्टेज विद्युत तार के चपेट में आने से मजदूर की मौत के मामले में जितना उसके मालिक दोषी है उससे अधिक तहसील के अधिकारी दोषी हैं लेकिन क्या तहसील के अधिकारियों पर मजदूर की मौत का मुकदमा आला अधिकारी दर्ज कराकर लापरवाह अधिकारियों को निलंबित करेंगे यह कौशांबी की व्यवस्था पर सवाल खड़ा हो रहा हैघटनाक्रम के मुताबिक जनपद मुख्यालय मंझनपुर के ओसा रोड में शराब ठेका के सामने बीते एक महीने से हाई वोल्टेज तार के नीचे मकान का निर्माण चल रहा है इस मकान में ओसा गांव का नरेश कुमार उम्र 30 वर्ष पुत्र शिवलाल भी मजदूरी कर रहा है नवनिर्मित मकान के ऊपर से हाई वोल्टेज विद्युत तार की सप्लाई चल रही है सोमवार को मिक्सर मशीन से गिट्टी बालू सीमेंट का मिश्रण कर छत का निर्माण हो रहा था इसी बीच हाई वोल्टेज विद्युत तार के करंट की चपेट में मजदूर आ गया जिससे उसकी तड़प तड़प कर मौके पर मौत हो गई मौत की जानकारी मिलते ही निमार्णाधीन मकान में अफरा-तफरी मच गई अन्य मजदूरों में आक्रोश फैल गया मौका मिलते ही मकान निर्माण करा रहा मकान मालिक मौके से फरार हो गया मकान निर्माण कराने की अनुमति नक्शा पास कराकर मकान मालिक ने तहसील से लिया है कि नहीं इस बात की जानकारी नहीं हो सकी है लेकिन सवाल उठता है कि यदि बिना नक्शा पास कराए मकान का निर्माण जनपद मुख्यालय में हो रहा था तो इस मामले में तहसील के अधिकारियों की क्या जवाबदेही बनती है और यदि नक्शा पास किया गया था तो हाई वोल्टेज तार के नीचे किन परिस्थितियों में तहसील के अधिकारियों ने मकान निर्माण का नक्शा पास किया यह भी उनके कार्यशैली पर सवाल खड़ा कर रहा है मजदूर की मौत के मामले में तहसील के अधिकारियों पर ग्रामीण दोषारोपण कर रहे थे यदि हाई वोल्टेज विद्युत तार के नीचे मकान निर्माण कराए जाने के मामले में आला अधिकारियों ने जांच कराई तो तहसील के अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई होना तय है।

## न्यूज झरोखा

### निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का डीएम ने निरीक्षण कर निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने के दियें निर्देश



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने सोमवार को निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज, कादीपुर का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। जिलाधिकारी ने अकेडमिक बिल्डिंग के तहत लेक्चर हाल, लाईब्रेरी व ऑडिटोरियम के फिनीशिंग कार्यों में धीमी प्रगति पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रशासनिक भवन, गर्ल्स एवं ब्वायज हॉस्टल आदि के निर्माण कार्यों की प्रगति के निरीक्षण के दौरान कहा कि सभी फ्लोर पर एक साथ टाइल्स एवं फिनीशिंग आदि के कार्य तेजी से कराया जाय, जिससे निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण हो सकें। जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की विस्तार शाखा के निर्माण कार्यों की प्रगति के निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में धीमी प्रगति पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए आवश्यकतानुसार और लेबर लगाकर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिशासी अभियंता लो0नि0वि0 निर्माण खण्ड-वन, प्रयागराज के0के0 श्रीवास्तव को नियमित पर्यवेक्षण करते हुए निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सी0एम0एस0 को अस्पताल परिसर की साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराने तथा पार्किंग में वाहनों को व्यवस्थित तरीके से खड़ी कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल परिसर में लोगों के बैठने के लिए और बेंच लगवाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी प्रखर उत्तम एवं ई0ओ0 मंझनपुर सुनील मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### राकेश त्रिपाठी अध्यक्ष एवं भुवनेश्वर तिवारी उपाध्यक्ष निर्वाचित





**भरवारी कौशाम्बी।** नेशनल इंटर कॉलेज कर्मचारी वेतन भोगी रेड सहकारी समिति भरवारी में निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ जिसमें राकेश त्रिपाठी अध्यक्ष एवं भुवनेश्वर कुमार तिवारी उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए इसके अतिरिक्त डिस्टिक को ऑपरेटिव बैंक के लिए भुवनेश्वर कुमार तिवारी एवं योगेश नारायण तिवारी प्रतिनिधि के रूप में निर्विरोध निर्वाचित हुए सभी निर्वाचित सदस्यों को एवं पदाधिकारियों को प्रधानाचार्य कलीम अहमद ने सभी को निर्विरोध होने की बधाई दी।

### पांच दिवसीय प्रवेश निपुण के प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन



**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशाम्बी में चल रहे पांच दिवसीय प्रवेश/निपुण के प्रशिक्षण शिविर का समापन दिनांक 20/03/2023 को हुआ। महाविद्यालय परिसर में चल रहे प्रशिक्षण शिविर के दौरान प्रशिक्षुओं को विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिन प्रशिक्षुओं को ध्वज शिष्टाचार, झंडागीत , प्रार्थना, टोली नियम, पेट्रोलिंग ड्यूटी इत्यादि प्रशिक्षण दिया गया, प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्रशिक्षुओं को शिविर के नियम, आकस्मिक गांठ बनाना, विभिन्न प्रकार की तालियां स्वागत ताली, गुड ताली,धन्यवाद ताली , का प्रशिक्षण दिया गया, प्रशिक्षण के तीसरे दिन प्रशिक्षुओं को प्राथमिक चिकित्सा,हाइकिंग,आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, प्रशिक्षण के चतुर्थ दिन प्रशिक्षुओं को टेंट बनाना, बिना थाली बिना बर्तन के भोजन बनाना आदि प्रशिक्षण दिया गया , प्रशिक्षण शिविर के पांचवे और अंतिम दिन प्रशिक्षुओं की सर्वप्रथम सर्वधर्म सभा कराई गई तत्पश्चात कैंप फायर किया गया जिसमें प्रशिक्षुओं टोलियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उसके बाद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार ने प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण किया और प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि रोवर/रेंजर्स का आदर्श वाक्य है सेवा करो। अतः प्रत्येक परिस्थिति में एक रोवर अथवा रेंजर्स को अपना सेवा धर्म नहीं भूलना चाहिए। और देश और समाज की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। तत्पश्चात प्रशिक्षुओं की दीक्षा संस्कार किया गया। और प्रशिक्षण शिविर का औपचारिक समापन की घोषणा प्राचार्य द्वारा की गई। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन महाविद्यालय के रेंजर प्रभारी रीता दयाल, एवम रोवर प्रभारी नीरज कुमार सिंह द्वारा किया गया, प्रशिक्षण शिविर का संचालन श्यामबाबू जिला संगठन कमिश्नर स्काउट,रेंजर प्रशिक्षक सुश्री वंदना कुशवाहा, रोवर प्रशिक्षक अभय प्रताप सिंह ने किया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ अनिल कुमार, डॉ नीलम बाजपेई, डॉ भावना केशरवानी, डॉ पवन कुमार, डॉ तरित्त अग्रवाल, डॉ रमेश चंद्रा, डॉ अमित कुमार, डॉ संतोष कुमार, डॉ शैलेष मालवीय एवम महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### सरकारी स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गौरैया दिवस

**तिल्हापुर मोड़ कौशांबी।** विलुप्त हो रही पक्षियों को संरक्षित करने के लिए सरकार के निर्देश पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में चायल तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा पराई तिल्हापुर मोड़ के प्राइमरी स्कूल में सोमवार को गौरैया दिवस बड़े ही धूमधाम और उत्साह पूर्वक मनाया गया इस मौके पर स्कूल के शिक्षकों ने कहा कि गौरैया पक्षी बिलुप्त होता जा रहा है गौरैया पक्षी को संरक्षित करना होगा इसके लिए जन जन में जागरूकता की आवश्यकता है गौरैया दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्कूल में मातृशक्ति का सम्मान किया गया कार्यक्रम के दौरान इलाके के गणमान्य लोग तमाम महिला पुरुष स्कूल के बच्चों के अभिभावक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर करेंगे पथ संचालन

**कौशांबी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाहक दिलीप ने बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर दिनांक 21 मार्च को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पथ संचलन का आयोजन किया गया है 21 मार्च को पथ संचालन का कार्यक्रम मंझनपुर कस्बे के डायट मैदान से मंझनपुर चौराहा होते हुए बाजार मार्ग बड़ा शिवाला से वापस डायट मैदान तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोग पथ संचालन करेंगे।

### इस वर्ष भी गोवंश में चारा भूसा दान करने की डीएम ने की अपील

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी ने समस्त जनप्रतिनिधि, अध्यक्ष नगर पालिका/नगर पंचायत, समस्त ग्राम प्रधान, समस्त कृषक एवं पशुपालक, भूसा क्रेता व विक्रेता, समाज सेवी संस्थायें, कोटेदार, गौ प्रेमी एवं अन्य समस्त जनपदवासियों से डीएम ने अपील की है कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भूसा चारा दान करें। उन्होंने कहा कि जैसा कि आपको विदित हैं कि जनपद में संचालित 82 स्थाई/अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल पर आपके सहयोग से 13798 गोवंश संरक्षण कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। विगत वर्षों में आपके द्वारा भूसा महादान अभियान के अन्तर्गत विभिन्न गोवंश आश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंश के लिए प्रचुर मात्रा में भूसा/हरा चारा एवं अन्य सामाग्री का दान किया गया है, जो कि निराश्रित बेसहारा गोवंश के भरण पोषण कार्य में लाभकारी सिद्ध हुआ। जिलाधिकारी ने सभी से अपील किया है कि इस वर्ष भी संरक्षित गोवंश के भरण पोषण के लिए अधिक से अधिक मात्रा में भूसा/हरा चारा राशन अथवा अन्य सामाग्री नजदीकी स्थाई/अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल/गौशालाओं पर दान करें, जिससे गोवंश संरक्षण में पूर्व की भांति आपकी सहभागिता एवं सहयोग बनी रहें।

### सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते चार अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मोहब्बतपुर पइन्सा पुलिस द्वारा चार अभियुक्तो राज करन पुत्र लल्लू जयकरन पुत्र लल्लू लालचन्द्र पुत्र दहाड़ी व महेन्द्र कुमार सोनकर पुत्र बेचू लाल निवासीगण मोहब्बतपुर अनेठा थाना मोहब्बतपुर पइन्सा को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर। इनके कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 200 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 800 रुपए बरामद कर कार्यवाही की गई।

### निरोधात्मक कार्यवाही मे 21 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से एक थाना करारी से एक, थाना पश्चिम शरीरा से एक थाना महेवाघाट से दो थाना पिपरी से नौ थाना कोखराज से एक थाना कड़ाधाम से पांच कुल 21 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

**शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार :** कौशाम्बी जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में थाना कौशाम्बी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त कैरू पुत्र भइयालाल निवासी पाली थाना कौशाम्बी के कब्जे 05 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

# दहेज मामले में न्यायालय से पति को बेल मिलते ही भड़क गया महिला पक्ष, जमकर चले लात जूते

**कचहरी परिसर में घंटो तक चलता रहा हंगामा, दो साल पूर्व हुआ था विवाह**

अखंड भारत संदेश



कचहरी में मारपीट

**कौशाम्बी।** कचहरी परिसर में घंटों अफरा-तफरी मची रही अदालत से जमानत मिल जाने के बाद महिला पक्ष के लोगों ने पति और उसके परिजनों पर लात जूतों से हमला कर दिया है अधिवक्ताओं के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ है महिला पक्ष ने जिस तरह से दिनदहाड़े कचहरी में गुंडई की है यह कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़ा कर रहा है शादी को 2 साल भी नहीं बीते थे कि दोनों पक्ष में खटास आ गई मामला न्यायालय तक पहुंचा महिला पक्ष ने मामले में न्यायालय से मुकदमा दाखिल किया तो पति को न्यायालय ने बेल दे दिया इस बात से भन्नाए मायके पक्ष के लोगों ने पति सहित उसके परिवार के लोगों को बेरहमी से लाज जूतों से पीट दिया घंटो तक इस मामले को लेकर कचहरी में हंगामा चलता रहा। अधिवक्ताओं के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। मिली जानकारी के अनुसार भरवारी कस्बे की रहने वाली रुखसाना की शादी दो साल पहले कुंडा के रहने वाले मकसूद के साथ हुई थी शादी के बाद दोनों के बीच ज्यादा नहीं बनी तो दोनों अलग-अलग रहने लगे इस बीच महिला ने अपने पति के खिलाफ दहेज सहित अन्य मामलों में मुकदमा लिखवा दिया था सोमवार को इसी मुकदमे में अपनी जमानत कराने के लिए पति मकसूद अपने परिजनों के साथ कचहरी आया था मकसूद को जमानत मिलने के बाद नाराज मायके पक्ष के लोगों ने हंगामा काटना शुरू कर दिया देखते ही देखते दोनों पक्ष एक दूसरे पर पिल पड़े घंटों तक लाल जूते चलने के बाद जब मामला को बढ़ता देख अधिवक्ताओं ने हस्तक्षेप किया तो किसी तरह मामला शांत हुआ दोनों पक्ष एक दूसरे को जान से मारने की धमकी देते हुए न्यायालय छोड़ दिया।

# दो ट्रको में हुई टक्कर के बाद घर में घुसी ट्रक, चालक की हुई मौत,क्लीनर घायल



**इमामगंज कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के इमामगंज में दो ट्रको की आपस में टक्कर हो गई,टक्कर के बाद एक ट्रक हाइवे किनारे बने एक मकान में घुस गई,हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई जबकि क्लीनर घायल हो गया ।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। घटनाक्रम के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के इमामगंज में सोमवार के 6 बजे एक ट्रक में दूसरे डम्फर ट्रक से टक्कर हो गई,टक्कर लगने के बाद ट्रक हाइवे किनारे बने एक मकान में घुस गई,मकान में टकराते ही ट्रक के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए,ट्रक के केबिन में ट्रक चालक फंस गया,जिसे कड़ी मशक्कत के बाद निकालकर अस्पताल भेजा गया जहा ट्रक चालक रमेश कुमार पुत्र राम रती निवासी बसौली की मौत हो गई जबकि ट्रक क्लीनर गंभीर घायल है जिसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने चालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



### सीमेंट लदी ट्रक अनियंत्रित होकर पलटी

**ट्रक चालक और क्लीनर घायल ट्रक पलटने से हाइवे का रास्ता बाधित**

**इमामगंज कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज कस्बे में बारिश के चलते सोमवार की भोर सीमेंट लोड कर जा रही ट्रक अनियंत्रित होकर हाइवे पर पलट गई,हादसे में ट्रक चालक और क्लीनर घायल हो गए,हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मूरतगंज पीएचसी भेजा और जांच में जुट गई ,वही ट्रक पलटने से हाइवे का रास्ता बाधित हो गया है। घटना क्रम के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज कस्बे में सोमवार की भोर चुनार से सीमेंट लाद कर खागा जा रही सीमेंट लदी हुई ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई, ट्रक में दबकर चालक वीरेंद्र कुमार पुत्र स्वर्गीय छेददु निवासी कालपी और क्लीनर घायल हो गए ।दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए मूरतगंज पीएचसी भेजा और जांच में जुट गई ।वही ट्रक पलटने से प्रयागराज कानपुर हाइवे का रास्ता बाधित हो गया है।

# रोवर्स रेन्जर्स के लिए विश्वविद्यालयी समागम का दीप प्रज्ज्वलित कर डीएम एसपी ने किया शुभारम्भ





अखंड भारत संदेश

**भवंस मेहता महाविद्यालय भिवाड़ी में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

**भरवारी कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने भवन्स मेहता महाविद्यालय, भरवारी में प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज द्वारा आयोजित रोवर्स/रेन्जर्स के लिए विश्वविद्यालयी समागम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रोवर्स/रेन्जर्स में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि अकेडमिक के अलावा अन्य गतिविधियों में भी बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग करना चाहिए, इससे व्यक्तित्व में निखार आता है। उन्होंने कहा कि किसी प्रतियोगिता में विजेता होने से ज्यादा अहम प्रतिभाग करना होता है। उन्होंने कहा कि भवन्त मेहता कॉलेज बहुत ही पुराना एवं जनपद का प्रतिष्ठित कॉलेज है। उन्हांने छात्र-छात्राओं से अपेक्षा की कि परिश्रम से पढ़ाई कर अपने महाविद्यालय व जनपद का नाम रोशन करें पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए व्यवस्थित तरीके से कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए आयोजकों को बधाई व रोवर्स/रेन्जर में प्रतिाग करने वाले छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्हांने कहा कि शिक्षा के साथ ही अन्य गतिविधियों में प्रतिभाग करने से व्यक्तित्व का विकास होता है।

# रेलवे ट्रैक पर मिला शव ,हुई शिनाख्त पुलिस ने भेजा पोस्टमार्टम

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अझुवा पुलिस चौकी अन्तर्गत भैरम बाबा धार्मिक स्थल के पास रेलवे ट्रैक पर एक शव मिला है काफी प्रयास के बाद जिसकी शिनाख्त हो गई है मृतक की शिनाख्त हरिशंकर उम्र 47 वर्ष पुत्र शिवराज निवासी काने मई सैनी राजगीर मिस्त्री के रूप में हुई है। सोमवार शाम करीब 7 बजे अझुवा कस्बे के दक्षिणी छोर पर स्थित भैरम बाबा धार्मिक स्थान के पीछे दिल्ली हावड़ा डाउन लाइन मार्ग खम्भा नम्बर 891/14/16 के बीच हरिशंकर उम्र करीब 47 वर्ष का शव रेलवे लाइन पर मिला है रेलवे कर्मियों की सूचना पर अझुवा चौकी पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज कर शव की शिनाख्त में जुट गई है शव की शिनाख्त हरिशंकर उम्र 47 वर्ष पुत्र शिवराज उर्फ बुद्धू निवासी सैनी कोतवाली के कनेमई ग्राम सभा के रूप में हुई है ट्रेन हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मचा है।

# हत्या के प्रयास के आभियुक्त को 10 वर्ष कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** थाना पुरामुफ्ती अंतर्गत 10.11.2001 को वादी रतन कुमार पुत्र छेदीलाल निवासी फतेहपुर घाट थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज द्वारा सूचना दी गयी कि अभियुक्त द्वारा मेरे उपर जान से मारने की नियत से देशी तमचा से फायर किया गया। इस सम्बन्ध में थाना पूरामुफ्ती पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था जिसके अभियुक्त रोशन लाल पुत्र राम सजीवन निवासी फतेहपुर घाट थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज को न्यायालय एडीजे प्रथम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 10 वर्ष कारावास तथा 20 हजार रुपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्डन अदा करने पर 03 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी गयी।

# भरवारी में धूमधाम से निकली खाटू श्याम की निशान यात्रा

अखंड भारत संदेश

**सांस्कृतिक कार्यक्रम व भंडारा का भी होगा आयोजन**



**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी कस्बे में सोमवार को महिला पुरुष भक्त सड़क पर नाचते गाते बाबा खाटू श्याम का जयकारा लगाते यात्रा में शामिल हुए सोमवार के दिन भरवारी कस्बे में खाटू श्याम की निशान यात्रा धूमधाम से निकाली गई,यह निशान यात्रा हनुमत निकेतन से उठकर पूरे भरवारी नगर में भ्रमण करते हुए नगर पालिका स्टेडियम पर जाकर समाप्त हुई।बाबा खाटू श्याम की शोभा यात्रा में बाबा का जयकारा लगाते हुए पुरुष महिला भक्त खूब झूमे। नगर पालिका स्टेडियम मैदान में बाबा खाटू श्याम की निशान यात्रा और शोभा यात्रा की समाप्ति के बाद शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम और भंडारा का भी आयोजन किया गया खाटू श्याम के कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देने के लिए समस्तीपुर बिहार की सुप्रसिद्ध भजन गायिका रेशमी शर्मा और प्रयागराज की भजन गायिका जूली सिंह आ रही है श्याम मित्र मंडल भरवारी के आयोजक मंडल के पदाधिकारी गौरव केसरवानी ने बताया कि नगर पालिका स्टेडियम भरवारी में बाबा श्याम की भव्य शोभा यात्रा और निशान यात्रा निकाली गई है ।शाम को भजन संध्या का कार्यक्रम और फिर भंडारा प्रसाद का वितरण का आयोजन है ।उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक भक्त कार्यक्रम में आए और बाबा खाटू श्याम का आशीर्वाद प्राप्त करें।

# सात चक्र में आयोजित की गई ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश



शतरंज प्रतियोगिता में पुरस्कृत खिलाड़ी

**कौशाम्बी।** जिला शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में पहली कौशांबी ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन राम नाथ डिग्री कॉलेज चंलौली चायल में 19 अप्रैल को की गई यह प्रतियोगिता सात चक्र में की गई जिसके परिणाम में पहला स्थान प्रयागराज के स्पर्श यादव दूसरे स्थान पर प्रयागराज के गौरव निषाद तीसरे स्थान पर वाराणसी के नारायण यादव चौथा स्थान प्रयागराज के मो हसनैन पांचवां स्थान वाराणसी के दिनेश पाण्डेय को छठे स्थान पर प्रयागराज के रवि चोपड़ा सातवे स्थान पर हिन्डालिको के आदित्य गुप्ता आठवें स्थान पर प्रयागराज की संचिता यादव नवें स्थान पर वाराणसी के दिलीप त्रिपाठी और दशवे स्थान पर वाराणसी के प्रखर त्रिपाठी ग्यारहवें स्थान पर कानपुर के विकास निषाद आदि को मिला आयु वर्ग 9 में पहला स्थान पर जैन अब्दुला दूसरे स्थान पर शिवाय सिंह तीसरे स्थान पर मो ईश्माईल सिद्दीकी को मिला आयु वर्ग 11मे पहला स्थान पर प्रयागराज के डी पी यस की साध्वी सक्सेना दूसरे स्थान पर तेजस मिश्रा तीसरे स्थान पर कौशांबी के प्रवीन शुक्ल को मिला। आयु वर्ग 13 में पहला स्थान पर वाराणसी के अविचल त्रिपाठी दूसरे स्थान पर रेनुकूट के दर्शन जायसवाल को और महिला वर्ग में पहला स्थान आरोही यादव ।दूसरे स्थान पर दीपान्जली दत्त तीसरे स्थान पर उन्नती सिंह कौशांबी में पहला स्थान इन्द्र श्याम सिंह दूसरे स्थान पर विष्णु भगवान की रितिका त्रिपाठी तीसरे स्थान पर प्रशान्त शुक्ल रहे स्कूलों में पहला स्थान सेंट जोसेफ प्रयागराज दूसरे स्थान पर प्रयागराज के सेन्ट मैरी तीसरे स्थान पर प्रयागराज के डी पी यस चौथा स्थान कौशांबी के विष्णु भगवान को मिला जिला सचिव राघवेन्द्र शुक्ल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल सात जिलों से 80 खिलाड़ीयों ने प्रतिभाग किया था प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि विघालय के मैनेजर यस के पटेल के द्वारा खिलाड़ीओ को पुरस्कृत किया गया पुरस्कार वितरण समारोह में विघालय के प्रदीप सर बिहारी सर एसोसिएशन के राघवेन्द्र शुक्ल, स्वाधा द्विवेदी, रवि चोपड़ा, पंकज पांडेय, गौरव गर्ग आदि लोग मौजूद रहे।

## जन संपादकीय

# राहुल के घर दिल्ली पुलिस

**सोशल** मीडिया पर एक वीडियो देखकर बहुत से लोगों को हैरानी हुई। वीडियो में दिल्ली के भीड़भाड़ भरे इलाके में बीच सड़क में एक टैक्सी में दो लड़के एक लड़की को जबरन कार के भीतर धकेल कर बिठाते दिख रहे हैं। उस वक्त सड़क पर पूरी आवाजाही चल रही है, लेकिन फिर भी लड़कों को उस लड़की को जबरन बिठाने का न कोई प्रतिवाद होते दिखा, न पुलिस की कोई सक्रियता नजर आई। यह वीडियो जब वायरल हुआ, उसके बाद पुलिस ने इस पर कार्रवाई शुरू की। दिल्ली पुलिस ने कहा है कि गाड़ी और ड्राइवर का पता लगा लिया गया है। दो लड़कों और एक लड़की ने रोहिणी से विकासपुरी के लिए टैक्सी ली थी। पुलिस ने कहा है कि लड़की और उसके दोस्तों के बीच किसी बात को लेकर कहा-सुनी हुई, इसके बाद लड़की टैक्सी से उतर कर जा रही थी, तभी दोनों दोस्तों ने उसे जबरदस्ती कार में बैठाने की कोशिश की! लड़की का बयान दर्ज कराये जाने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक दिल्ली पुलिस लड़की का बयान दर्ज करा पाई या नहीं, यह तो पता नहीं। लेकिन इस घटना से दिल्ली की कानून-व्यवस्था का हाल समझा जा सकता है। हो सकता है दोस्तों में सुलह हो गई हो, हो सकता है लड़की सुरक्षित हो। लेकिन इस घटना से ये तो पता चल ही जाता है कि दिल्ली में सरेआम कोई किसी के साथ बदतमीजी या जबरदस्ती करे तो उसे रोकने के लिए पुलिस फौरन हाजिर नहीं होती है, न ही सड़कों पर करोड़ों रुपए खर्च करके लगाए गए सीसीटीवी कैमरों का कोई उपयोग नजर आता है। दिल्ली पुलिस सड़क पर तो मुस्तैद नहीं दिखी, लेकिन राहुल गांधी से जानकारी हासिल करने में वह जिस तरह की मुस्तैदी दिखा रही है, उस पर आश्चर्य भी नहीं हो रहा। क्योंकि राहुल गांधी जिस तरह भाजपा के आगे बिना डरे खड़े हुए हैं, उससे तय है कि उन्हें किसी न किसी तरह झुकाने या गलत साबित करने की कोशिश जारी रहेगी। रविवार सुबह दिल्ली पुलिस की एक टीम कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के घर पहुंच गई। क्योंकि उसे उन महिलाओं की जानकारी चाहिए थी, जिनका जिक्र श्री गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान किया था। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने कहा था कि उनसे मिलने कुछ महिलाएं आई थीं, जो यौन प्रताड़ना का शिकार हुई थीं। राहुल गांधी ने उन्हें तभी पुलिस को जानकारी देने और उनकी मदद करने की तत्परता दिखाई थी। लेकिन उन महिलाओं ने मदद लेने से इन्कार करते हुए कहा कि वे केवल अपना दर्द उनसे साझा करने आई थीं। उन्हें अपनी पीड़ा पुलिस को नहीं बतानी है। इस घटना को सुनाकर राहुल गांधी दरअसल जनता को यह बताना चाह रहे थे कि इस देश में महिलाएं किस तरह पीड़ित हो रही हैं। राहुल गांधी ने पांच महीने की 4 हजार किमी की भारत जोड़ो यात्रा में असंख्य महिलाओं से मुलाकात की और उनके सुख-दुख को साझा किया। राहुल गांधी ने बाद के अपने कई भाषणों में बताया कि वे अपने सामने चलने का स्थान खाली रखते थे और भीड़ में से या साथ चलने वाले लोगों में से जो कोई उनके पास आना चाहता, वे उसके लिए पूरी जगह बनाने का इंतजाम रखते थे। वे चाहते थे कि लोग उनके पास आकर यह महसूस करें कि वे अपने घर आए हैं। आश्चर्य की बात ये है कि राहुल गांधी ये यात्रा सड़क पर कर रहे थे, लोग उनसे सड़क पर ही मिल रहे थे, मिलने वालों में अलग-अलग पृष्ठभूमि के लोग शामिल होते थे, कई जाने-अनजाने चेहरे एक साथ होते थे, लेकिन फिर भी माहौल पारिवारिक और आत्मीय हो जाता था। दरअसल राहुल गांधी ने प्यार, सद्भाव और निडरता के संदेश के साथ भारत जोड़ो यात्रा निकाली तो वे ऐसा ही माहौल बनाने की ईमानदार कोशिश में लगे रहे। लोगों के साथ सहजता के साथ मिलना, उनकी तकलीफें सुनना, उनके साथ हंसी-मजाक करना, खेल खेलना, खाना-पीना, फुटबॉल मैच का आनंद लेना, नृत्य करना, सारे काम राहुल गांधी ने किए। कांग्रेस के कार्यकर्ता या समर्थक ही नहीं, विपक्ष के भी कई दलों ने ये माना कि राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के जरिए इतिहास रच दिया है। भारतीय लोकतंत्र में लोक और तंत्र के बीच जो दूरी आ गई है, उसे पाटने का काम राहुल गांधी ने किया। लेकिन भाजपा को शायद यही बात खटक रही है। भाजपा ने शुरू से भारत जोड़ो यात्रा के प्रति नकारात्मक नजरिया अपनाया। राहुल गांधी पर व्यक्तिगत प्रहार किए गए, झूठे लांछन लगाए गए, उन्हें देश तोड़ने वालों के साथ खड़ा बताया। इसके बाद भी राहुल गांधी की यात्रा अद्भुत तौर पर सफल रही। अपनी पूरी यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने कई बार अडानी समूह के साथ सत्ता की नजदीकी का मामला उठाया। फिर हिंडनबर्ग रिपोर्ट आई तो संसद में उन्होंने इस मुद्दे को उठाया। संसद में उनके भाषण के हिस्से हटा दिए गए। फिर राहुल गांधी ब्रिटेन दौरे पर गए और वहां अलग-अलग जगहों पर उन्होंने भारतीय लोकतंत्र में आ रही गिरावट पर चर्चा की, देश के मौजूदा राजनैतिक, आर्थिक परिदृश्य की विसंगतियों की ओर ध्यान दिलाया। जिस पर भाजपा ने उन पर देश को बदनाम करने का आरोप लगाया। बजट सत्र के दूसरे हिस्से में संसद लगातार पांच दिन इसलिए ठप्प हुई है, क्योंकि भाजपा राहुल गांधी से माफी की मांग कर रही है। मगर राहुल गांधी माफी नहीं मांग रहे, तो अब उन्हें लोकसभा से निलंबित कराने की कोशिश भाजपा कर रही है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने एक पत्र लोकसभा अध्यक्ष को इस संबंध में लिखा है। राहुल गांधी को भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने देश विरोधी टूलकिट का हिस्सा बता दिया है। और अब दिल्ली पुलिस उनके घर पहुंच गई। जिन पत्रकारों और राजनेताओं का जनता से जीवंत संपर्क होता है, उनके पास कई तरह की जानकारियां अलग-अलग सूत्रों से आती हैं। जिनका इस्तेमाल वे जनहित और देशहित में करते हैं, लेकिन सूत्र गोपनीय ही रहते हैं। और यहां तो मामला यौन हिंसा से पीड़ित महिलाओं का है, जो अपनी पहचान और पीड़ा दोनों साझा नहीं करना चाहती।

# भाजपा राहुल को बना रही विपक्षी खेमे का हीरो

**केवल मोदी को प्रधानमंत्री पद पर बनाये रखने की शपथ ली है, बल्कि नोबेल शांति पुरस्कार पर भी उनकी नजर है! लंदन में राहुल गांधी उस योजना को पटरी से उतारने में लगभग सफल हो गये, जब यूनाइटेड किंगडम में उन्होंने व्यापक रूप से प्रचलित उस धारणा को स्वर दिया जिसमें माना जाता है कि भारत में लोकतंत्र कमजोर है। भाजपा के कई 'सूत्रों' के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी ने अपनी सरकार को भरोसा दिला दिया है कि राहुल गांधी ने लोकसभा में अपना पक्ष रखने का अधिकार ही खो दिया है, जबकि उनपर एकतरफा आरोप लगाया जा रहा है कि उन्होंने लंदन में अपने मन की बात कहकर भारत के प्रति एक पवित्र करार तोड़ा है**



**क्या होगा अगर कांग्रेस मोदी के नेतृत्व वाले भारत के बारे में उन सभी गंदी बातों को दोहराये जो उन्होंने अपने लंदन में उजागर की थी? अनजाने में, इसकी घोषणा किये बिना, या बाकी विपक्षी पार्टियों के इससे सहमत हुए बिना, राहुल गांधी विपक्ष के सबसे प्रमुख नेता तथा प्रधानमंत्री पद का चेहरा बन गये हैं। शहजाद पूनावाला इसे स्वीकार नहीं करेंगे परन्तु 'मोदी-अडानी-हिंडनबर्ग' 2024 के लिए विपक्ष का मुख्य चुनावी मुद्दा बनता जा रहा है**

**सुशील कुट्टी**

**राहुल** गांधी विपक्ष के सबसे प्रमुख नेता तथा प्रधानमंत्री पद का चेहरा बन गये हैं। शहजाद पूनावाला इसे स्वीकार नहीं करेंगे परन्तु 'मोदी-अडानी-हिंडनबर्ग' 2024 के लिए विपक्ष का मुख्य चुनावी मुद्दा बनता जा रहा है। 1989 के लोकसभा चुनावों में, विपक्ष ने प्रधानमंत्री राजीव गांधी के खिलाफ बोफोर्स का हौवा खड़ा किया और चुनाव जीता। अब 35 साल बाद क्या 2024 के चुनावों में वही खेल दोहराया जा सकता है। मोदी सरकार कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को तब तक संसद में बोलने नहीं देगी, जब तक कि वह सरकारी फरमान नहीं मान लेते। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को तो भूल ही जाइए, उनके पास सरकार के खिलाफ जाने का कोई मौका नहीं है। फिर जहां तक भाजपा के बाकी लोगों की बात है, जिनमें वे भी शामिल हैं जो संसद सदस्य नहीं हैं, उन्होंने तो न केवल मोदी को प्रधानमंत्री पद पर बनाये रखने की शपथ ली है, बल्कि नोबेल शांति पुरस्कार पर भी उनकी नजर है! लंदन में राहुल गांधी उस योजना को पटरी से उतारने में लगभग सफल हो गये, जब यूनाइटेड किंगडम में उन्होंने व्यापक रूप से प्रचलित उस धारणा को स्वर दिया जिसमें माना जाता है कि भारत में लोकतंत्र कमजोर है। भाजपा के कई 'सूत्रों' के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी ने अपनी सरकार को भरोसा दिला दिया है कि राहुल गांधी ने लोकसभा में अपना पक्ष रखने का अधिकार ही खो दिया है, जबकि उनपर एकतरफा आरोप लगाया जा रहा है कि उन्होंने लंदन में अपने मन की बात कहकर भारत के प्रति एक पवित्र करार तोड़ा है, जबकि यह लोकतंत्र की असली जननी है।इसके अलावा, भाजपा को पूरा यकीन है कि राहुल गांधी माफी नहीं मांगेंगे . भाजपा ने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें 'पहले माफी मांगनी चाहिए' और उसके बाद ही सदन में अपने मन की बात कहें।

आप देखिए कि सरकार और भाजपा को किस प्रकार देर से पता चला कि वे स्वयं के जाल में फंस गये हैं। उन्होंने स्वेच्छा से अपने सिर को एक फटी हुई बांस में फंसा लिया है। अगर उन्होंने राहुल को संसद में बोलने नहीं दिया तो वह सही साबित होंगे कि भाजपा के शासन में भारत का संसदीय लोकतंत्र मर चुका है और विपक्ष को संसद में बोलने की अनुमति तक नहीं दी जा रही है। इससे भी बदतर, अगर माइक और संसदीय मंच, दोनों उसे दे दिये गये, तो यह नहीं कहा जा सकता कि आगे क्या होने वाला है? राहुल क्या कहेंगे, राहुल क्या मांग करेंगे, और मोदी-अडानी और हिंडनबर्ग के इर्द-गिर्द बुने गये कथित रूप से सावधानीपूर्वक कोरियोग्राफ किये गये कवर-अप का क्या परिणाम होगा? क्या होगा अगर असली कहानी, सच्ची कहानी, राहुल के बोलने के साथ ही सुलझने लगे? क्या होगा अगर ...? न जाने और ऐसे कितने सवाल उभर आयेंगे? इसलिए, अपेक्षाओं के अनुरूप, संसद के दोनों सदन हंगामे के साथ खुले और लगातार हंगामे के कारण एक और दिन का स्थगन हुआ। एक दिन पहले जब 'गांधी' अपनी बात बोलने आये तो फिर यही हंगामा दोहराया गया। राहुल गांधी के शब्द प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रीय और वैश्विक योजनाओं के लिए घातक साबित हो सकते हैं। राहुल गांधी मोदी के दोस्त नहीं हैं और वह 'मोहब्बत की दुकान' से सीधे संसद नहीं आये हैं। इसके अलावा, विपक्षी दलों ने अडानी-हिंडनबर्ग पर जेपीसी जांच की अपनी मांग पर भी चुप्पी नहीं साधी है, हालांकि आरोप लगाए गए थे कि दोनों सदनों में हंगामे के लिए सदन के अंदर 'ऑडियो' को म्यूट कर दिया गया था। ऐसा लग रहा था कि जिसके हाथ में माइक्रोफोन था, वह भाजपा का प्रशंसक था और इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने साबित करना चाहता था। कांग्रेस ने दुनिया को यह बताने के लिए यह ट्वीट किया- 'पीएम मोदी के दोस्त के लिए सदन मूक है।' हंगामे के केंद्र में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी लोकसभा में नजर आये। उसके चेहरेऔर हाव-भाव से ऐसा लग रहा था कि वह अपनी बात बोलने के लिए उत्सुक हैं। लेकिन उनकी बातों से तो भाजपा के मन की शांति को ही ठेस पहुंचेगी। यह बात और साफ होती जा रही थी कि सदन चलाने का फैसला स्पीकर के हाथ में नहीं है। 'राहुल गांधी जवाब देना चाहते हैं बनाम पहले वह माफी मांगें' का विवाद दोनों सदनों में बना रहेगा। भाजपा का फॉमूर्ला राहुल गांधी से पहले माफी मांगने की मांग करके उन्हें अपमानित करना है और उसके बाद ही उन पर लगे सभी आरोपों की बदबू को दूर करने का सहारा लेना है। यह तब स्पष्ट था जब गांधी की लंदन की टिप्पणियों को भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला द्वारा 'घृणित और गंभीर रूप से अपमानजनक' करार दिया गया था, जो बहुत पहले गांधी परिवार के वफादार हुआ करते थे। पूनावाला ने ट्वीट किया, 'राहुल ने विदेशी धरती पर विदेशी हस्तक्षेप की मांग करके हमारी संप्रभुता के खिलाफ एक अपमानजनक और गंभीर अपमानजनक टिप्पणी की है।' 'आप संसद को नीचा दिखाकर बाद में इसी का सहारा नहीं ले सकते। पहले माफी मांगो देश से'। हालांकि, इस बहादुरी और आत्मतुष्टि के पीछे सवाल हैं- क्या होगा अगर राहुल गांधी माफी मांगने से इनकार कर दें? क्या होगा अगर कांग्रेस मोदी के नेतृत्व वाले भारत के बारे में उन सभी गंदी बातों को दोहराये जो उन्होंने अपने लंदन में उजागर की थी? अनजाने में, इसकी घोषणा किये बिना, या बाकी विपक्षी पार्टियों के इससे सहमत हुए बिना, राहुल गांधी विपक्ष के सबसे प्रमुख नेता तथा प्रधानमंत्री पद का चेहरा बन गये हैं। शहजाद पूनावाला इसे स्वीकार नहीं करेंगे परन्तु 'मोदी-अडानी-हिंडनबर्ग' 2024 के लिए विपक्ष का मुख्य चुनावी मुद्दा बनता जा रहा है। 1989 के लोकसभा चुनावों में, विपक्ष ने प्रधानमंत्री राजीव गांधी के खिलाफ बोफोर्स का हौवा खड़ा किया और चुनाव जीता। अब 35 साल बाद क्या 2024 के चुनावों में वही खेल दोहराया जा सकता है जब इस बार राजीव के बेटे राहुल ने भाजपा के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ मोर्चा खोला है?

# सीखने को संविधान

**प्रशांत कुमार दुबे**

**आमतौर** पर जो युवा पीढ़ी संविधान को उबाऊ विषय के रूप में देखती है या केवल रटकर इसके बारे में लिखती/समझती है, वह ऐसे रोचक 'टास्क' के माध्यम से इसके मूलभूत गुणों को समझ पा रही है। इस दौरान पूछने पर कि आप संविधान को कितना समझ पाये? और आपके द्वारा किये गए 'टास्क' किन मूल्यों से जुड़ते हैं? इसे ये युवा साथी बहुत स्पष्टता से बता नहीं पाते, लेकिन इस तरह की कवायद उन्हें एक सजग, सचेत और संवेदनशील नागरिक बनने की दिशा में कारगर साबित होगी। प्रिप्रय लूसी, जबसे तुम हमारे घर आई हो, तबसे तुम्हारी हालत खराब हो गई है। शुरू में जब तुम आई थीं तो हम सभी तुम्हें बहुत प्यार से खिलाते थे, लेकिन जैसे-जैसे तुम बड़ी होती जा रही हो, कोई तुम्हारा ध्यान नहीं रखता। हमारे पास, तुम्हारे लिए समय ही नहीं है। तुम अकेले-अकेले कैसा महसूस करती होगी। लूसी, मैं तुमसे माफी मांगना चाहती हूं। हो सके तो मुझे माफ कर देना, दोस्त।' यह पत्र माही ने अपनी प्यारी-सी कुतिया, लूसी के लिए लिखा है। ज्ञात हो कि माही, भोपाल में युवाओं के साथ काम करने वाले समूह 'यंगशाला' से जुड़ी हैं और वे 'संविधान लाइव' (एक खेल) खेल रही हैं। माही ने जो पत्र लिखा है वह उस 'टास्क' का हिस्सा है, जिसमें उन्हें अपने कर्तव्य का पालन न करने पर संबंधित से पत्र लिखकर माफी मांगना थी। पत्र लिखने के बाद माही कहती हैं कि वे बहुत हल्का महसूस कर रही हैं। दरअसल हम सभी एक रोचक खेल 'संविधान लाइव' की शेयरिंग के लिये इकठ्ठे हुए थे। यह खेल युवाओं के साथ काम करने वाले समूह 'यंगशाला' के युवा खेल रहे हैं। इस खेल में युवा संविधान के मूल्यों पर आधारित ऐसे 'टास्क' करते हैं जो दैनिक जीवन में संवैधानिक अधिकारों और कर्तव्यों से उन्हें जोड़ते हैं। जोड़ियों में खेला जाने वाला यह खेल पांच सप्ताह तक चलता है। हर सप्ताह, हर जोड़ी को एक 'टास्क' मिलता है और उसे पूरा करने के बाद अपने अनुभव शेयर करना होता है, ताकि दूसरे भी उस अनुभव से सीख सकें। खेल खेलने वाले हरेक व्यक्ति को 'जागरिक' (जागरूक+ नागरिक) कहा जाता है। यह खेल दिल्ली की एक संस्था 'कम्युनिटी कलेक्टिव' द्वारा डिजाइन किया गया है। खेल के विषय में 'यंगशाला' की संस्थापक-सदस्य रोली शिवहरे बताती हैं कि 'संविधान लाइव' ने युवाओं के लिए संविधान की जमीनी वास्तविकताओं को जीने, अपने मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूक होने, उनके महत्व को समझने और संविधान में निहित मूल्यों को आत्मसात करने का एक अवसर दिया है। यह 'स्व' से 'समुदाय' और 'समुदाय' से 'स्व' के बीच तालमेल का अनूठा खेल है। 'टास्क' को सफलतापूर्वक पूरा करने पर अंक मिलते हैं, लेकिन खेल का उद्देश्य अंक कमाना नहीं, बल्कि एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा की अपेक्षा 'जागरिक' जोड़ियों के बीच सहयोग के माध्यम से समझ बनाना है। इस तरह के प्रयोग से युवाओं में नेतृत्व क्षमता, लेखन क्षमता, विश्लेषण क्षमता आदि का भी विकास होता है। माही के बाद ज्योति पारधी और रोहित रजक ने भी समता के अधिकार को समझने के अपने अनुभव साझा किये। उन्हें 'टास्क' मिला था, जिसमें उन्हें 7 दिन तक अलग-अलग तरह के काम करने वाले लोगों के साथ दिन बिताना था। यह 'टास्क' दिखता बहुत सरल है, लेकिन कठिन तब हो गया जब उन्होंने पन्नी बीनने वाले बच्चों के साथ एक दिन बिताने का तय किया। सुबह 5 बजे घर से निकले और दोपहर 2 बजे तक इन बच्चों के साथ कूड़ा बीना। कूड़े को अलग-अलग किया, बेचा और फिर इनकी दिनचर्या को समझा। इस काम के खतरे, समाज का उन्हें देखने का नजरिया और इन बच्चों की कठिन जीवन-शैली को बताते हुए ज्योति और रोहित थोड़े भावुक हो जाते हैं। वे कहते हैं कि हमने आज 100 रुपए कमाये हैं, लेकिन हमें क्लासरूम से बाहर जीवन टटोलने का मौका मिला है। ये दोनों युवा जब इस टास्क के अनुभव शेयर करते हैं तो धीरे-धीरे आप उनकी कहानी में रम जाते हैं और एक समुदाय विशेष के जीवन की कठोर सच्चाई से रूबरू होने लगते हैं। इसी क्रम में उन्होंने चाय वालों के साथ, रेहड़ी लगाने वालों के साथ भी एक-एक दिन बिताया और अपनी समझ बनाई। इसी चर्चा में 'जागरिक' वैशाली रघुवंशी के टास्क ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। उन्हें समानता के अधिकार को समझने का 'टास्क' मिला था जिसमें वे 32 रुपए में एक दिन (24 घंटे) व्यतीत करें। हमारे देश में 'गरीबी की रेखा' के नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों को चुने जाने का यही मापदंड है। वैशाली ने बताया कि यह बहुत ही मुश्किल 'टास्क' था, क्योंकि मुझे चुनना पड़ा कि मैं खाना खाऊं या पढ़ूं! बेहतर भोजन, परिवहन, स्वास्थ्य और रोजमर्रा के खर्च ही इतने ज्यादा थे कि समझ नहीं आ रहा था कि वे कैसे मैनेज करेंगी। वे कहती हैं कि इस 'टास्क' को करते समय मुझे समझ में आया कि यह मापदंड व्यवहारिक नहीं है और यह बदला जाना चाहिये। इस टास्क के अनुभवों को सुनते हुए लगा कि यदि युवा साथी ऐसे राजनीतिक प्रसंगों को भी सहज भाव से समझ सकेंगे और उन पर प्रश्न करने की क्षमता विकसित कर सकेंगे तो यह अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि होगी।

'जागरिक' सोनाली शुक्ला और तान्या को 'टास्क' मिला था, अपने मूलभूत कर्तव्य को समझने का, जिसमें उन्हें अपने प्राकृतिक वातावरण की रक्षा और संवर्धन करने हेतु प्रयास करना था। सोनाली ने अपने आसपास को स्वच्छ करने का बीड़ा उठाया और अपनी मां को साथ लेकर परिसर की सफाई कर डाली। यही नहीं, कचरा एकत्र किया और तान्या के साथ जाकर उसका सुरक्षित निपटान भी किया। गौरी ने एक दिन मौन रहकर ऐसे जनों की पीड़ा समझी, जो बोल/सुन नहीं सकते। श्रद्धा राठौर ने बच्चों को उनके साथ होने वाले लैंगिक शोषण के प्रति जागरूक किया। संजय ने अपने होस्टल का संविधान ही बना दिया। पूजा ने प्राणियों के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु कार्ड बनाये। अदिति ठाकुर ने दूसरे धर्म के रीति-रिवाजों को जानने के लिए 7 दिन तक गुरुद्वारा जाकर कारसेवा की। एक और प्रसंग था, अपने से विपरीत लिंग के व्यक्ति के प्रति सम्मान और समानता का भाव लाते हुए उनके योगदान/अस्तित्व को समझना। खेल, खेल रहे चार 'जागरिक' - सुमित बरोड़े, आनंद शुक्ला, संजय और संतोष बारेला ने महिलाओं की भूमिका निभाई। अपना पहनावा बदला और दिन भर वे सभी काम किए जिन्हें आमतौर पर महिलाओं का माना जाता है। इसमें खाना बनाना, झाड़ू लगाना जैसे काम भी शामिल हैं। इसे करते हुए उन्होंने महसूस किया कि महिलाओं का योगदान कितना ज्यादा है और हम उसे कैसे कम करके आंकते हैं? उन्होंने कहा कि यह 'टास्क' करते समय हमने उपहास सहा, क्योंकि लोग हमें बहुत ही अलग नजर से देख रहे थे, लेकिन इस 'टास्क' से हमारे मन में महिलाओं के प्रति सम्मान और ज्यादा बढ़ गया।

# इस दौर में याद आती है जिमी कार्टर की मूल्यगत राजनीति

**वाप्पला बालचंद्रन**

**1991** में सीनेट की विदेश संबंध समिति ने केसी की गतिविधियों की जांच को मंजूरी दे दी लेकिन कुछ प्रक्रियात्मक समस्याओं के कारण इसे रद्द कर दिया गया। हालांकि 24 नवंबर, 1992 को एसोसिएटेड प्रेस ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की कि जांचकताओं ने पाया था कि 'विलियम केसी ने बंधकों की रिहाई के लिए शायद अनौपचारिक, गुप्त और संभावित खतरनाक प्रयास किए।' पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर ने 18 फरवरी, 2023 को घोषणा की कि वे अस्पताल में भर्ती होने के बजाय अपने घर पर आखिरी सांस लेंगे। 99 वर्षीय कार्टर ने 2015 में मस्तिष्क कैंसर के लिए कीमोथेरिपी शुरू की थी तो उन्होंने मीडिया से कहा था- 'मैं चाहता हूं कि अंतिम गिनी कीड़ा (चूहे की तरह कुतरने वाला कीड़ा) मेरी मृत्यु से पहले मर जाए।' कार्टर अब बहुत खुश होंगे क्योंकि जब उन्होंने 1986 में ग्रामीण अफ्रीका में कार्टर ग्लोबल सेंटर फॉर गिनी वर्म उन्मूलन कार्यक्रम की स्थापना की थी उसके बाद से गिनी रोगियों का प्रमाण 33 लाख से घटकर 2022 में 13 हो गया है। पूर्व राष्ट्रपति का भारत के साथ विशेष संबंध है। उनकी मां लिलियन कार्टर ने 68 वर्ष की आयु में 1966 में गोदरेज नगर, विक्रोली (मुंबई) के एक क्लिनिक में लगभग 2 वर्षों तक 'पीस कॉर्प्स नर्स' के रूप में काम किया था। जिमी कार्टर ने बाद में कहा था कि उनकी मां 1968 में 'भारत में अपने दिल का एक बड़ा हिस्सा छोड़कर घर लौटी थीं।' 1977 में कार्टर ने राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद के अंतिम संस्कार के लिए नई दिल्ली में प्रतिनिधि मंडल के हिस्से के रूप में अपनी मां को फिर से बॉम्बे (अब मुंबई) भेजा। दर्जनों बच्चों ने, जिन्हें उन्होंने शिशुओं की तरह पाला था, विक्रोली में उनका अभिवादन कर रहे थे, उन्हें गेंदे के फूलों की माला पहना रहे थे और उनके माथे पर गुलाल लगा रहे थे। 1978 में जब मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री थे तब कार्टर की भारत की आधिकारिक यात्रा के दौरान भारत की परमाणु नीति को लेकर कुछ तनावपूर्ण माहौल था। हालांकि इस यात्रा को आधिकारिक तौर पर 'महान राजनयिक सफलता' के रूप में वर्णित किया गया था। यह तनावपूर्ण क्षण वार्ता के बाद आया। उस समय कार्टर को पता नहीं था कि माइक्रोफोन अभी भी चालू है। उन्होंने अपने विदेश मंत्री साइरस वेंस से कहा कि परमाणु सुरक्षा उपायों के विषय पर प्रधानमंत्री देसाई को एक 'भावना रहित और बहुत स्पष्ट' पत्र लिखा जाना चाहिए। यह बात अमेरिकी समाचार चैनलों के समाचार टेप में चली गई थी जिसकी वजह से वार्ता की विफलता का संकेत दिया गया था। अपने स्वभाव के अनुरूप कार्टर ने राजकीय रात्रि भोज में इस घटना का मजाकिया तौर पर उल्लेख किया। जॉर्ज डब्ल्यू बुश के कार्यकाल के दौरान 2008 के भारत-अमेरिका परमाणु समझौते का विरोध करते समय उन्होंने यही स्पष्टता दिखाई थी। इंटरनेशनल हेराल्ड ट्रिब्यून में 11 सितंबर, 2008 को उन्होंने एक लेख लिखा था, जिसका शीर्षक था-'भारत ने 1978 के परमाणु अप्रसार अधिनियम पर हस्ताक्षर न कर दुनिया को खतरे में डाल दिया।' 1978 के परमाणु अप्रसार अधिनियम को उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस में द्विदलीय प्रयासों के माध्यम से शुरू किया था। उनकी शिकायत थी कि भारत केवल निजी तौर पर अमेरिका को सुरक्षा उपायों के बारे में आश्वासन दे रहा है लेकिन सार्वजनिक रूप से ऐसा नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा, 'मैंने प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ इन परस्पर विरोधी दावों पर चर्चा की और मनमोहन सिंह ने मुस्कुराते हुए कहा था कि अमेरिका और भारतीय राजनीति अलग-अलग है।' सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने कार्टर सेंटर स्थापित किया था जिसने 1989-2018 के दौरान 14 देशों में विवादों को समाप्त करने के लिए प्रयास किए। इसके अलावा सेंटर ने अमेरिका, अफ्रीका और एशिया में 113 चुनाव निरीक्षण मिशन भी तैनात किए थे।

किसी भी अन्य अमेरिकी राष्ट्रपति की तुलना में कार्टर ने मानवाधिकारों को अमेरिकी सरकार की आंतरिक और बाहरी नीति का शीट एंकर बनाया था। यह नीति अभी भी कायम है।कार्टर एक सफल लेखक भी हैं और उन्होंने 32 पुस्तकें लिखी हैं।

## अपनी-अपनी दुनिया

**डॉ. सुरेश कुमार**

**पिता जी** ने फरमान जारी किया कि कल से सभी भोजन की मेज पर मिल बैठकर भोजन करेंगे। अगले दिन माता जी ने भोजन की मेज की खूब साफ-सफाई की। फल-फूल सजा दिए। अचार की बोतलें, बादाम-काजू-किशमिश, पिस्ता, सौंप-सुपारी की तश्तरी अच्छे से सजा दी। जब घर के सभी सदस्यों ने यह देखा तो उनके मुँह में पानी भर आया। जो कोई मेज के पास जाता कुछ बादाम-काजू-पिस्ता मुट्ठी में दबोच लेता। देखते ही देखते मेवा झम्म हो गया। माता जी का क्या है? ज्यादा से ज्यादा डाँट-फटकार सकती हैं, इससे ज्यादा क्या कर सकती हैं। वह अपने में ही बड़बड़ाने लगीं। रात होने को थी। उधर से पिता जी दफ्तर से निकल चुके थे। उधर बेटा बुलेट पर, इधर बिटिया स्कूटी पर घर की ओर कूच कर चुके थे। आज सभी मेज पर मिल बैठकर खाने वाले जो थे! पिता जी के बाद बेटा और बेटे के बाद बिटिया तीनों रात के विश्राम गृह यानी घर पहुँच चुके थे। इतने दिनों से यह विश्राम गृह किसी लॉड्ज से कम थोड़ी न था। पहली बार इसकी किस्मत में घर कहलाने का सुख नसीब होने वाला था। घर में तीन-तीन वाशरूम थे। तीनों वाशरूप में ऐसे घुसे जैसे वह ही उनका स्थाई निवास हो। पिता जी मोबाइल थामे वाट्सप पर, बिटिया इंस्टाग्राम और बेटा स्नैप चैट पर ऐसे जमे मानो उन्हें वाशरूम किसी स्वर्ग सा प्रतीत हो रहा हो। माता जी के चिल्लाने का असर यह हुआ कि उनका गला बैठ गया। जैसे-तैसे तीनों बाहर निकले। तब तक माता जी एक नींद पूरी कर चुकी थीं और दूसरी नींद के लिए ऊँघना भी आरंभ कर चुकी थीं। बिटिया ने

## फटाफट खबरें

## शहर में निर्धारित स्थानों पर ही पार्क करें टैम्पो: टीएसआई, वाहनों की जांचकर दिये कडे निर्देश




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर यातायात सीओ एसपी सोनकर की देखरेख में टीएसआई योगेश कुमार यादव एवं यातायात पुलिस ने कर्वी शहर में वाहनों की जांच की। जांच दौरान स्कूली बसों में फर्स्ट एड बाक्स, विंडो जाली एवं फायर उपकरण देखे। निर्धारित क्षमता से ज्यादा बच्चों को बैठाने पर धीमी गति से वाहन चलाने के निर्देश दिये।

सोमवार को टीएसआई योगेश कुमार यादव ने टैम्पो की जांचकर चालकों को कडे निर्देश दिये कि शहर में निर्धारित स्थानों पर ही वाहन पार्क करें। ओवरलोड सवारी न बैठायें। सवारी उतारते-चढाते समय वाहन को सडक किनारे खडा करें। दो व चारपहिया वाहन चालकों को हेलमेट/सीटबेल्ट लगाने, ओवर स्पीड न चलाने एवं हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगवाने को कहा।

उन्होंने वाहन चालकों से कहा कि वाहन चलाते समय हेडफोन या मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। जांच दौरान मालवाहक वाहनों की भी जांच की। यातायात नियमों के बारे में बताकर पालन करने के प्रति जागरूक किया। टीएसआई ने वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन न चलाने के प्रति जागरूक किया। धीमी गति से वाहन चलाने के निर्देश दिये। जांच दौरान बिना ड्राइविंग लाइसेंस, तीन सवारी, बिना हेलमेट/सीटबेल्ट, ओवरस्पीड वाहनों का ई-पेंडिंग चालान किया।

## 21 मार्च से रघुवीर मन्दिर में रामदिनेशचार्य सुनायेंगे कथा, रामनवमी पर होंगे विशेष कार्यक्रम



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** परमहंस सन्त रणछोड़दास जी महाराज के कर कमलों से जानकीकुंड में स्थापित श्री रघुबीर मन्दिर ट्रस्ट बड़ी गुफा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र उत्सव रामनवमी पर्व भक्ति भाव एवं धूमधाम से मनाया जाएगा। इस बार हरिधाम हयार्चार्य आश्रम, श्री धाम अयोध्या से पधारे परम पूज्य जगतगुरु रामदिनेशचार्य महाराज भगवान श्रीराम की कथा सुनायेंगे।

सोमवार को ट्रस्टी डॉ बीके जैन ने बताया कि इस वर्ष कथा श्रवण करने एवं उत्सव में शामिल होने को भारत के विभिन्न प्रान्तों से गुरुभाई-बहनों एवं राम कथा रसिकों के चित्रकूट आने का सिलसिला शुरू हो गया है। इस वर्ष नौ दिवसीय कथा चैत्र कृष्ण अमावस्या 21 मार्च की शाम कलश यात्रा के साथ शुरू होगी। गाजे-बाजे के साथ मंगल कलश के साथ मातायें, साधु-संत एवं सदगुरु परिवार के सदस्यों की अगवानी में रामायण मानस की पोथी एवं कथा व्यास शामिल होंगे। 22 से 30 मार्च तक प्रतिदिन सवेरे 7.30 बजे से रामचरितमानस का नवान्ह पारायण सुरेन्द्र शास्त्री करेंगे। पूज्य महाराज की कथा अपरान्ह तीन से 6.30 तक होगी। गौ सेवा केन्द्र संचालिका ऊषा जैन ने बताया कि पंचमी को शाम गोधूलि बेला में गौ सेवा केंद्र के वार्षिकोत्सव को 56 भोग का गौ अन्नकूट एवं आरती की जायेगी। रामनवमी के दिन पूर्वान्ह 11 बजे से मन्दिर में बधाई एवं दोपहर 12 बजे भगवान का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर रघुवीर मन्दिर प्रबन्धन की ओर से सभी चित्रकूट क्षेत्रवासियों को कथा सुनने को बुलाया है।

## पाठा में आधा दर्जन ग्राम पंचायतों में दादू-दबंगों का कब्जा, ग्राम पंचायतों को लूट रहे प्रधान प्रतिनिधि बनकर



**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक में तकरीबन आधा दर्जन ग्राम पंचायतों में दबंगों ने ऐसे कब्जे कर रखे हैं कि प्रधान को पता तक नहीं चलता। ग्राम पंचायत में कितना धन आया और कितना खर्च हो चुका। आजादी के 75 साल बाद भारत अमृत महोत्सव मना रहा है, पाठा क्षेत्र में आधा दर्जन नवनिर्वाचित प्रधानों को दादू-दबंगों ने अपने चंगुल में फंसाकर बंधक बनाए हुए हैं।

सोमवार को पाठा क्षेत्र में प्रधानों को कथित रुप से बंधक बनाने का खुलासा हुआ। बताया गया कि एससी सीटों पर चुनाव के समय अपना प्रत्याशी बनाकर दादू-दबंग खड़ा कर देते हैं। धन-बल के दम पर उन्हें चुनाव जिताकर धड़ल्ले से प्रधानी कर रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारी भी सब जानते हुए कि यह व्यक्ति प्रधान नहीं है, इसके बाद भी उन्हीं के माध्यम से ग्राम पंचायतों में जारी कार्य योजना को लागू करने का निर्देश देते हैं।

आखिर आजादी के 75 साल बाद भी मानिकपुर पाठा क्षेत्र में इन दादू-दबंगों ने खुलेआम एससी प्रधानों को अपना बंधुआ बनाकर प्रधान प्रतिनिधि बनकर दोनों हाथों से ग्राम पंचायतों का धन लूटने का कार्य कर रहे हैं।

किसी जमाने में पाठा क्षेत्र में दर्जनों सीटों पर डकैतों ने अपने चहेतों को जिताकर प्रधानी की कमीशन वसूली खाते रहे हैं। दस्यु गैंग समाप्त होने के बाद अब यह काम पाठा क्षेत्र के तकरीबन आधा दर्जन ग्राम पंचायतों में दादू-दबंग करने लगे हैं। सब कुछ जानते हुए भी जिम्मेदार अधिकारी इन दादू-दबंगों से एससी प्रधानों को आजादी न दिलाकर उनका शोषण करने को उन्हीं का सहयोग कर रहे हैं।

# गैरहाजिर परीक्षकों के खिलाफ होगी कार्यवाही: डीआईओएस

### उप नियंत्रक के साथ डीआईओएस ने देखा मूल्यांकन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद से संचालित हाईस्कूल एवं इंटर बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य चित्रकूट इंटर कॉलेज में तीसरे दिन तकरीबन 36810 कॉपियों का मूल्यांकन हो चुका है। उप नियंत्रक डॉ रणवीर सिंह चैहान ने बताया कि इस वर्ष हाईस्कूल में 79793 और इंटर में 52503 पुस्तिकाओं कुल 132296 का मूल्यांकन होना है। तीन दिन में अब तक हाईस्कूल में 24587 इंटर में 12223 कुल 36810 कार्यों का मूल्यांकन हो चुका है, जबकि हाईस्कूल में 55206 इंटर में 40280 कुल 95486 कापियां अभी शेष हैं। हाईस्कूल में 36 और इंटर में 35 टोली बनाई गई हैं, जबकि मूल्यांकन के लिए 278 परीक्षक और 36 डिप्टी हेड हाईस्कूल में तथा इंटर में 166 परीक्षक और 35 डिप्टी हेड लगाए गए हैं।

सोमवार को मुख्य नियंत्रक एवं जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप ने उप नियंत्रक डॉ रणवीर सिंह चैहान के साथ मूल्यांकन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने उत्तर पुस्तिकाओं का खुद अवलोकन किया, जो कमियां थी, आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने गैरहाजिर परीक्षकों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए। कहा कि जो 147 (हाईस्कूल में 89 और इंटर में 58) परीक्षक मूल्यांकन कार्य से जानबूझकर गायब हैं, उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही के साथ वेतन कटौती होगी।



डीआईओएस ने कहा कि हाईस्कूल के परीक्षक प्रतिदिन 50 और इंटर के परीक्षक प्रतिदिन 45 कॉपियों से ज्यादा नहीं जांचेंगे। इस बार शासन ने मूल्यांकन कार्य में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। शासन का मानना है कि यह कार्य विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा हुआ है। इसलिए मूल्यांकन कार्य में कोई भी लापरवाही क्षम्य नहीं है। शासन के निर्देश पर प्रत्येक मूल्यांकन केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। सीआईसी मूल्यांकन केंद्र में स्टैटिक मजिस्ट्रेट के रूप में रमेश चंद्र पटेल खंड शिक्षा अधिकारी जिला मुख्यालय कर्वी को मुस्तैद किया गया है। उन्हीं की मौजूदगी में कोठार से कॉपियों का वितरण उपप्रधान परीक्षकों को किया जाता है। बीच-बीच में वह मूल्यांकन कार्य का निरीक्षण भी करते हैं। उप नियंत्रक डा रणवीर सिंह चैहान ने बताया कि मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं का अंकेक्षण भी कराया जा रहा है। जिन परीक्षकों की कॉपियों में गलती पाई जाएगी, उनके पारिश्रमिक में कटौती की जाएगी। मूल्यांकन कार्य की व्यवस्था में राजेश सिंह प्रधानाचार्य बाल्मीकि इंटर कॉलेज खंडेहा, राकेश प्रताप सिंह आदर्श इंटर कॉलेज मानिकपुर, मुख्य अनुशासन अधिकारी फूलचंद चंद्रवंशी आदि का सहयोग लिया जा रहा है।

# 93 से ज्यादा लगेंगी फैक्टरियां, युवाओं को मिलेगा रोजगार: शक्तिप्रताप सिंह तोमर

### भुजौली गांव में हुई भाजपा की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा के गनीवा मंडल के शक्ति केंद्र गौहानी कला की बैठक भुजौली गांव में मंडल अध्यक्ष सुशील द्विवेदी की अध्यक्षता में हुई। बतौर मुख्य अतिथि शक्ति केंद्र प्रभारी शक्तिप्रताप सिंह तोमर ने केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास पर कार्य कर रही है, राजनीति के माध्यम से भाजपा सेवा करना चाहती है। सोमवार को चित्रकूट के विकास की चर्चा करते हुए शक्तिप्रताप सिंह तोमर ने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस चित्रकूट के विकास का द्वार है। इन्वेस्टर समिट मे 11000 करोड़ रुपए से 93 से अधिक व्यवसायी चित्रकूट में फैक्ट्री लगाएंगे, इससे युवाओं को रोजगार मिलेगा। किसानों की




आमदनी दोगुना करने व उन्हें बीज तथा कृषि यंत्र अनुदान में देने के कार्य भी सरकार कर रही है। सामूहिक विवाह में प्रत्येक वर्ष लक्ष्य निर्धारण के बाद सरल प्रक्रिया से सामूहिक विवाह हो रहे हैं। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में भारत के वैज्ञानिकों ने वैक्सीन बनाकर 80 से ज्यादा देशों में निर्यात किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूरा करने का कार्य हो रहा है।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष सुशील द्विवेदी ने संगठनात्मक बूथ सशक्तिकरण अभियान को बढ़ाते हुए प्रत्येक बूथ पर ग्यारह की टीम पन्ना प्रमुख, युवा प्रमुख, मन की बात प्रमुख समेत सेक्टर की हर ग्राम पंचायत मे 2024 के लिए संगठन के कार्य तेज करने का कार्यकताओं से आवाहन किया। द्विवेदी ने कहा कि सांसद आरके सिंह पटेल के प्रयासों से चित्रकूट में बाईपास बनेगा। इससे जाम की समस्या से लोगों को निजात मिलेगी। भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शिवाकांत पांडे ने कहा कि सरकार पारदर्शिता से कार्य कर रही है। युवा 2024 के चुनाव को अभी से कमर कस लें, जातिवाद को छोड़कर विकासवाद की ओर चलना है। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा सुखेंद्र सिंह ने किया। बैठक में शक्ति केंद संयोजक राजेश द्विवेदी, मंडल महामंत्री रामप्रताप सिंह, विनय तिवारी, भूपेंद्र द्विवेदी, छोटू सिंह, कल्लू यादव, रवि कुमार, अशोक सिंह, रमाकांत, गेंदालाल, सुरेंद्र द्विवेदी, कृष्ण कुमार समेत बूथ सेक्टर के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हर हाल में 15 अप्रैल तक आंगनबाडी केन्द्रों का करायें निमार्ण: डीएम

### रुर्बन मिशन के कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने रूर्बन मिशन के तहत निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में पर्यटन विकास कार्य, मल्टीपरपज ऑडिटोरियम, पर्यटन सुविधा केन्द्र, टीएचआर, बारात घर का निर्माण, सामुदायिक भवन, यात्री सुविधा केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण व मऊ एवं कसहाई क्लस्टर के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यदाई संस्थाओं से कहा कि शासन की मंशानुसार गुणवत्तापूर्ण तेजी से कार्य कराये जायें। किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।




सोमवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने राजकीय निर्माण निगम के परियोजना प्रबंधक से कहा कि शासन से निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य करायें। एक्सईएन आरईएस से कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण 15 अप्रैल तक हर दशा में पूरा हो जाये। जननी सुरक्षा वार्ड मऊ का कार्य पूरा होने पर उसे हैंडओवर करायें। एक्सईएन लोनिवि सत्येंद्रनाथ से कहा कि उद्यमिता विकास केंद्र खोह व जिन सड़कों का निर्माण पूरा हो गया है, उन्हें हैंडओवर करायें। परियोजना निदेशक से कहा कि दोनों क्लस्टर के कार्यों की बचत निकालकर बतायें कि जो कार्य पूरे हो गये हैं, उनका अंतिम भुगतान भी समय से करायें। मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि रूर्बन मिशन के कसहाई व मऊ क्लस्टर के कार्यो का निरीक्षण कर जो कार्य पूरे हो गए हैं, उनकी गुणवत्ता की जांच करायें। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, पीडी ऋषिमुनि उपाध्याय, एक्सईएन लोनिवि सत्येंद्रनाथ, लोनिवि निर्माण खंड कृष्ण कुमार, परियोजना प्रबंधक राजकीय निर्माण निगम, अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण सेवा आदि मौजूद रहे।

# तीन को दबोच चार मोटरबाइके की बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर राजापुर थाना पुलिस ने तीन लोगों को दबोचकर चोरी की चार मोटरबाइक बरामद की है।

सोमवार को पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने पत्रकारों को बताया कि मुखबिर की सूचना पर राजापुर थाने के दरोगा रामवीर सिंह की टीम भंभेट गांव के बन्द पडे ईंटभट्ठा के कमरे से राजा उर्फ राजबहादुर रैदास पुत्र बुद्धूलाल, कामता प्रसाद पुत्र बिहारीलाल व विष्णू पुत्र स्व पंचा रैदास निवासी सिकरी अमान को



दबोचकर चोरी की चार मोटरबाइकें बरामद की। पूंछताछ में राजा रैदास ने बताया कि वह चोरी की गाडियां बेंचता है। साढे 15 हजार रुपये गाडी खरीदने को दिये थे। पांच हजार रुपये कागज देने की बात हुई थी। चोरों ने पुलिस को बताया कि चारों मोटरबाइकें कौशाम्बी, फतेहपुर व बांदा से चोरी की हैं। चोरी की गाडियां बेंचकर परिवार का पालन-पोषण करता था। पुलिस ने चारों के खिलाफ उचित धाराओं में मामला दर्जकर जेल भेजा है। पुलिस टीम में थाने के वरिष्ठ दरोगा रामवीर सिंह, दीवान संतोष त्रिपाठी, सिपाही उमेन्द्र त्रिपाठी, उज्जवल पाण्डेय, मनोज कुमार शामिल रहे।

एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि कोई भी मोटरबाइक अधिकृत विक्रेता से ही खरीदें। पुरानी बाइक खरीदने के पहले एआरटीओ कार्यालय में पडताल के बाद ही खरीदें।

## न्यूज झरोखा

## आप को निकाय चुनाव में मिला मौका तो देंगे चौकस व्यवस्था: संतोषीलाल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सन्तोषीलाल शुक्ला ने कहा कि निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी। निकाय चुनाव में आप प्रत्याशी के जीतने पर हाउस टैक्स हाफ और वॉटर टैक्स माफ करेंगे। शहर मे सफाई की चैकस व्यवस्था की जाएगी।

सोमवार को आप जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला ने कहा कि देश की जनता ने प्रधानमंत्री के चुनाव में नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री के चुनाव में योगी आदित्यनाथ को मौका दिया, क्योंकि निकाय चुनाव का मुख्य मुद्दा साफ सफाई का होता है, जिसे झाड़ू वाले ही कर सकते है। आप का चुनाव चिन्ह ही झाड़ू है। पूरा भरोसा है कि निकाय चुनाव में प्रदेश की जनता आम आदमी पार्टी को मौका देगी। आज देश की जनता अरविंद केजरीवाल के सिद्धांतों से प्रभावित है। यही कारण है कि दिल्ली की जनता ने तीन बार अरविंद केजरीवाल को चुना, क्योंकि उन्हें मुख्यमंत्री केजरीवाल का शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा, यातायात, बिजली-पानी का मॉडल पसंद आया। इन्हीं मुद्दों पर जनता ने पंजाब की कमान भी आम आदमी पार्टी को सौंप दी। जिला प्रभारी नरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश के 763 नगर निकायों में से 633 नगर निकायों में आम आदमी पार्टी अपने प्रभारी घोषित किये हैं। चित्रकूट में विधान सभा कर्वी में मुशर्रफ हुसैन (मोशु मोबाइल), विधान सभा मानिकपुर में अविनाशचन्द्र त्रिपाठी को प्रभारी बनाया है। नगर पालिका कर्वी में संजय करवरिया प्रभारी, नगर पंचायत राजापुर में संतोष कुमार गुप्ता, नगर पंचायत मऊ में संतोष कुमार त्रिपाठी व नगर पंचायत मानिकपुर में चंद्रभान पाण्डेय प्रभारी बनाए जा चुके हैं। वार्ड नं 18 से नगर पालिका कर्वी से लेसिना ज्ञानचंदानी, वार्ड 21 से नर्वदा प्रसाद यादव, वार्ड नं आठ से लवलेश केशरवानी व राजापुर नगर पंचायत के वार्ड आठ नसीम अहमद कुरैशी वार्ड प्रभारी नियुक्त किये गए हैं।

इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष श्यामबाबू त्रिपाठी, मिडिया प्रभारी डॉ रमाकांत गुप्ता, प्रमोद कुमार सोनी, संभावित प्रत्याशी अध्यक्ष पद नगर पालिका कर्वी रुकशाना बेगम, संभावित प्रत्याशी अध्यक्ष पद नगर पंचायत मऊ संतोष भरद्वाज, धनराज, आशीष त्रिपाठी, संतोष कुमार, योगेन्द्र रैकवार, अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

## ओला-बारिश से नष्ट फसलों का किसानों को दें मुआवजा: विधायक

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के सदर विधायक अनिल प्रधान ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र समेत चित्रकूट में ओलावृष्टि एवं बारिश तथा तेज हवा से किसानों की फसलें चैपट हुई हैं। उन्होंने आंकलन कराकर किसानों को मुआवजा देने की मांग की है।

सोमवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि किसानों की अर्थव्यवस्था का मूल आधार कृषि है। किसान सरकार की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है। बुन्देलखण्ड समेत जिले में ओलावृष्टि, बारिश व तेज हवा से किसानों की 80 फीसदी फसलें नष्ट हो गई हैं। आधी कटी फसल ओला पडने एवं बारिश से भीगने से खराब हो गई हैं। इससे किसान बेहद दुखी व हतास है। उन्होंने किसानों की नष्ट हुई फसलों का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। विधायक ने कहा कि इस मामले में जल्द कार्यवाही करते हुए किसान की फसलों का सर्वे एवं मुआयना कराकर तत्काल आर्थिक मदद दी जाये।

## पंखे के सहारे दुपट्टे के फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

**मीरजापुर।** जिगना थाना क्षेत्र के बिहसड़ा कला गांव में सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई। उसका शव फांसी के फंदे पर झुलता पाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र के पक्का घाट निवासी शीतला प्रसाद उर्फ टिर्री की पुत्री गीता देवी (28) की शादी 2014 में विहसड़ा कला गांव निवासी अन्नू के साथ हुई थी। सोमवार सुबह विवाहिता के कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो काफी देर तक शोर मचाने के बाद परिजन ने कमरे का दरवाजा तोड़ दिया। देखा तो पंखे में दुपट्टा के सहारे विवाहिता का शव लटका हुआ था। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी अरविंद कुमार पांडेय की देखरेख में शव को नीचे उतारा गया। पति अन्नू ने बताया कि साफ-सफाई को लेकर पति-पत्नी के बीच मामूली नोंक-झोंक हुई थी। सुबह आठ बजे विवाहिता ने अपने दोनों बच्चों आदित्य पांच वर्ष व अनन्या तीन वर्ष को पैसे देकर बगल के एक दुकान पर भेज दिया। उसके बाद अंदर से कमरे का दरवाजा बंद कर लिया था। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतका के पिता शितला प्रसाद उर्फ टिर्री ने किसी भी कार्यवाही से इंकार किया है। विवाहिता की मौत क्यों और किन परिस्थितियों में हुई? इसे लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं व्याप्त हैं।

# विदेश संदेश

## दक्षिण अफ्रीका में भ्रष्टाचार मामले के जांचकर्ता की गोली मारकर हत्या

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में भ्रष्टाचार के बड़े मामले की जांच कर रहे एक अकाउंटेंट और उसके बेटे की अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 50 वर्षीय क्लोएट मुरे और उनके बेटे 28 वर्षीय थॉमस को शनिवार को मौत के घाट उतार दिया गया। मुरे वही व्यक्ति हैं जिन्होंने भारतीय मूल के प्रभावशाली और धनाढ्य गुप्ता बंधुओं से जुड़ी फर्मों के लिए परिसमापक के रूप में भी काम किया था।

## सीरिया के राष्ट्रपति ने संयुक्त अरब अमीरात का दौरा किया

**अबू धाबी।** सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद ने पत्नी अस्मा अल-असद के साथ संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का राजकीय दौरा किया। राजधानी अबू धाबी पहुंचने पर सीरिया के राष्ट्रपति और प्रथम महिला का यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने स्वागत किया। राष्ट्रपति भवन में दोनों ने द्विपक्षीय संबंधों और सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।

## कांगो में चरमपंथियों ने की 22 लोगों की हत्या, नरसंहार में बढ़ सकती है संख्या

**कांगो ।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य से एक बार नरसंहार की खबर सामने आ रही है। कांगो के पूर्वी इटुरी और उत्तरी किवु प्रांतों में सिलसिलेवार हमलों में संदिग्ध चरमपंथियों ने कम से कम 22 लोगों की हत्या कर दी है। पूर्वी कांगो में वर्षों से हिंसा जारी है देश की सेना और संयुक्त राष्ट्र के शांति सैनिकों के बढ़ते हस्तक्षेप के बावजूद इस तरह के नरसंहार सामने आ रहे हैं। वहीं इससे पहले इटुरी प्रांत के कई गांवों में नरसंहार में कम से कम 12 लोग मारे गए।

स्थानीय अधिकारियों और नागरिक समाज के नेताओं ने कोडेको समूह को दोषी ठहराया है। इस समूह पर आरोप लगाया जाता है कि इसके लड़ाकों ने घने जंगलों वाले क्षेत्र को अस्थिर कर दिया है। शांतिपूर्ण व्यवस्था बनी रहे इसके लिए कई अपीलें भी की गई लेकिन इसके बावजूद कोडेको मिलिशिया द्वारा कमजोर लोगों का नरसंहार करना जारी रखती है।

## ब्रिटेन में इमरजेंसी अलर्ट सिस्टम का परीक्षण अगले महीने, खतरे की आशंका पर यूजर्स के मोबाइल पर आएगी चेतावनी

**काठमांडू।** ब्रिटेन की सरकार ने रविवार को घोषणा की है कि वह अगले महीने एक नए पब्लिक वार्निंग सिस्टम का परीक्षण करने जा रही है, जिसमें पूरे देश के मोबाइल फोन यूजर्स को सायरन जैसा अलर्ट भेजा जाएगा। यानि देश में कुछ भी जानलेवा मौसमी घटना या आपदा हो तो मोबाइल फोन में अलर्ट आएगा।


अगले महीने 23 अप्रैल की शाम पूरे ब्रिटेन में अलर्ट का परीक्षण होगा, जिसमें लोगों को अपने मोबाइल फोन पर परीक्षण संदेश प्राप्त होगा। सरकार ने कहा कि नए आपातकालीन अलर्ट का इस्तेमाल बहुत कम किया जाएगा। इसे केवल वहां भेजा जाएगा, जहां लोगों के जीवन के लिए तत्काल जोखिम का खतरा होगा। इसलिए लोगों को महीनों या वर्षों तक अलर्ट नहीं भी मिल सकता है। हालांकि, इसमें अभी आतंकी हमले का अलर्ट नहीं जोड़ा गया है, लेकिन समय के साथ आतंकी घटनाओं को भी सूची में जोड़ा जा सकता है। कैबिनेट कार्यालय मंत्री ओलिवर डाउडेन ने कहा, हम बाढ़ से लेकर जंगलों में आग तक के खतरों से निपटने के लिए वार्निंग सिस्टम को मजबूत करने के लिए यह नया परीक्षण कर रहे हैं।

## बढ़ती ही जा रहीं इमरान खान की मुश्किलें, पूर्व पीएम समेत पीटीआई नेताओं के खिलाफ अब आतंकवाद का मामला

**वाशिंगटन।** पाकिस्तानी पुलिस ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और एक दर्जन से अधिक पीटीआई नेताओं के खिलाफ आतंकवाद का मामला दर्ज किया। उनके खिलाफ तोड़फोड़, सुरक्षाकर्मियों पर हमला करने और यहां न्यायिक परिसर के बाहर अशांति पैदा करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। दरअसल, इस्लामाबाद न्यायिक परिसर के बाहर शनिवार को उस वक्त झड़पें हुईं, जब इमरान खान तोशाखाना मामले की बहुप्रतीक्षित सुनवाई में शामिल होने के लिए लाहौर से इस्लामाबाद पहुंचे थे। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच टकराव के दौरान 25 से अधिक सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। इसके बाद अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश जफर इकबाल ने कोर्ट की सुनवाई को 30 मार्च तक के लिए टाल दी। गिरफ्तार पीटीआई कार्यकर्ताओं और पार्टी के वांछित नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

# लंदन में खालिस्तान समर्थकों ने किया तिरंगे का अपमान, भारतीय उच्चायोग ने दिया करारा जवाब

**लंदन।** लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग ने खालिस्तानियों को कड़ा जवाब देते हुए एक विशाल तिरंगा उच्चायोग पर लहरा दिया है। बता दें कि कुछ खालिस्तान समर्थकों ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग से भारतीय राष्ट्रीय ध्वज को उतारने की कोशिश की और खालिस्तान के समर्थन में नारेबाजी की। हालांकि भारतीय उच्चायोग के एक अधिकारी ने गजब की हिम्मत दिखाते हुए खालिस्तानियों का विरोध किया और खालिस्तानी झंडे को फहराने की कोशिश कर रहे युवक से



खालिस्तानी झंडा लेकर फेंक दिया। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब देखा जा रहा है और लोग भारतीय उच्चायोग के अधिकारी की हिम्मत की तारीफ कर रहे हैं। वहीं घटना के बाद खालिस्तानियों को कड़ा जवाब देते हुए भारतीय उच्चायोग पर एक विशाल तिरंगा झंडा फहराया गया है।

**सरकार ने ब्रिटिश उच्चायुक्त को किया तलब**

वहीं लंदन में हुई घटना के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने ब्रिटेन की उच्चायुक्त को तलब किया है और लंदन में हुई घटना पर नाराजगी जाहिर की है। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर बताया कि जिस वक्त भारतीय उच्चायोग परिसर में यह घटना हुई, उस वक्त वहां से सुरक्षाकर्मी पूरी तरह से नदारद थे। इसे लेकर ब्रिटिश उच्चायुक्त से स्पष्टीकरण मांगा गया है। सरकार ने कहा है कि यह विएना कन्वेंशन का भी उल्लंघन है। सरकार ने ब्रिटिश उच्चायुक्त से घटना के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि भारत में वारिस पंजाब दे संगठन के जत्थेदार अमृतपाल सिंह के खिलाफ कार्रवाई चल रही है। इसी कार्रवाई से खालिस्तान समर्थक तमतमाए हुए हैं और उनके द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। लंदन में भारतीय उच्चायोग में हुए विरोध प्रदर्शन भी इन्हीं विरोध प्रदर्शनों का हिस्सा था।

## प्रचंड हासिल करेंगे विश्वास मत, इसके बाद मंत्रिमंडल का विस्तार

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड दोपहर एक बजे संसद में विश्वास मत हासिल करेंगे। उन्हें नेपाली कांग्रेस, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी, जनता समाजवादी पार्टी, सीपीएन (यूएस), लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी, नागरिक उन्मुक्ति पार्टी, जनमत पार्टी, राष्ट्रीय जनमोर्चा, आम जनता पार्टी का समर्थन प्राप्त है। इसलिए प्रचंड विश्वास मत हासिल करने को लेकर आश्वस्त हैं। प्रचंड ने विश्वास जताया कि उन्हें 100 फीसदी वोट मिलेंगे। हालांकि, सीपीएन (यूएमएल), आरपीपी और नेपाल मजदुर किसान पार्टी इसके पक्ष में नहीं हैं। प्रचंड ने कहा है कि विश्वास मत हासिल करने के बाद वह मंत्रिमंडल का विस्तार करेंगे। प्रचंड अभी अकेले 16 मंत्रालय संभाल रहे हैं। सीपीएन (यूएमएल), राष्ट्रीय



स्वतंत्र पार्टी और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के सरकार छोड़ने के बाद ये मंत्रालय खाली हो गए थे। अब नेपाली कांग्रेस ने प्रचंड की कैबिनेट में शामिल होने का फैसला लिया है। नेपाली कांग्रेस ने कम से कम आठ मंत्रालयों पर दावा किया है। सीपीएन (यूएस), जनता समाजवादी पार्टी, लोकतांत्रिक पार्टी, जनमत पार्टी भी सरकार में शामिल होने की तैयारी कर रही हैं। रवि लामिछाने के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी भी प्रचंड के साथ है।

## प्रधानमंत्री मोदी की चीन में इंटरनेट उपयोग करने वालों के बीच बढ़ी लोकप्रियता

**बीजिंग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता देश और दुनिया में लगातार बढ़ती जा रही है। इसका ताजा उदाहरण विरोधी माने जाने वाले पड़ोसी देश चीन में बढ़ती लोकप्रियता है। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका की पत्रिका डिप्लोमैट में प्रकाशित एक लेख में पीएम मोदी चीन में इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाले लोगों (नेटिजेन) के बीच बेहद लोकप्रिय हैं, उन्हें सम्मान से मोदी लाओक्सियन कहा जाता है, जिसका अर्थ मोदी अमर हैं।

दोनों देशों के बीच सीमा विवाद के बावजूद, किसी अंतरराष्ट्रीय नेता के लिए यह एक दुर्लभ सम्मानजनक संदर्भ है। रणनीतिक मामलों पर केंद्रित पत्रिका डिप्लोमैट के लेख चीन में भारत को कैसे देखा जाता है। पत्रकार म्यू चुनशान ने यह भी लिखा कि ज्यादातर चीनी मानते हैं कि मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व के प्रमुख



देशों के बीच संतुलन बना कर रख सकते हैं। चुनशान चीनी सोशल मीडिया विशेष रूप से सिना वेइबो का विश्लेषण करने के लिए मशहूर हैं। सिना वेइबो चीन में ट्विटर जैसा सोशल मीडिया मंच है और इसके 58.2 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हैं। रिपोर्ट के अनुसार चीनी इंटरनेट पर प्रधानमंत्री मोदी का एक विशेष उपनाम है, मोदी लाओक्सियन। लाओक्सियन का संदर्भ कुछ विशेष क्षमताओं वाले एक बुजुर्ग अमर व्यक्ति से है। उपनाम का अर्थ है कि चीन में इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाले लोग सोचते हैं कि मोदी कुछ भिन्न हैं - और आश्चर्यजनक भी- अन्य नेताओं की तुलना में।

## 'परमाणु हमले की तैयारी करो..', किम जोंग ने सेना को आदेश दिया, अमेरिका और दक्षिण कोरिया को दी धमकी

**काठमांडू।** अमेरिका और दक्षिण कोरिया एकसाथ मिलकर युद्ध अभ्यास कर रहे हैं। इस बीच, उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने दोनों देशों को बड़ी धमकी दे डाली है। किम ने अपनी सेना को आदेश दिया है कि वह परमाणु हमले के लिए तैयार रहें। कभी भी इसकी जरूरत पड़ सकती है।

राज्य मीडिया KCNA की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को किम ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया पर अमेरिकी परमाणु संपत्ति से जुड़े संयुक्त सैन्य अभ्यास का विस्तार करने का आरोप लगाते हुए युद्ध को रोकने के लिए किसी भी समय परमाणु हमले करने के लिए तैयार रहने का आह्वान किया है।

**परीक्षण करके ताकत भी दिखाई**

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका और दक्षिण कोरिया के युद्ध अभ्यास के जवाब में उत्तर कोरिया ने भी शनिवार और सैन्य अभ्यास का आयोजन किया। इस दौरान एक मॉक न्यूक्लियर वारहेड



ले जाने वाली बैलिस्टिक मिसाइल को भी दागा गया। राज्य समाचार एजेंसी ने कहा कि अभ्यास का उद्देश्य सहयोगियों के खिलाफ कड़ी चेतावनी भेजने के लिए 'युद्ध प्रतिरोध और परमाणु जवाबी क्षमता' को मजबूत करना था। केसीएनए ने कहा कि अभ्यास में मॉक न्यूक्लियर वारहेड से लैस एक बैलिस्टिक मिसाइल ने सामरिक परमाणु हमले के परिदृश्य के तहत 800 मीटर की ऊंचाई पर लक्ष्य को भेदने से पहले 800 किमी की दूरी तय की।

**कई मिसाइलों का परीक्षण कर चुका है उत्तर कोरिया**

पिछले एक महीने के अंदर उत्तर कोरिया ने एक के बाद एक कई मिसाइलों का परीक्षण किया है। उत्तर कोरिया लगातार अमेरिका और दक्षिण कोरिया के युद्ध अभ्यास का विरोध कर रहा है। ये युद्ध अभ्यास 13 मार्च से शुरू हुआ है और 23 मार्च तक चलना है। दक्षिण कोरिया और जापान ने पूर्वी तट से एक उत्तर कोरियाई की बैलिस्टिक मिसाइल के परीक्षण की सूचना दी थी। जो हाल के हफ्तों में मिसाइल परीक्षणों की श्रृंखला में लेटेस्ट है।

**आठ लाख लोग सेना में भर्ती होने को तैयार**

उत्तर कोरिया ने बड़ा दावा किया है। कहा है कि उत्तर कोरिया के आठ लाख लोग अमेरिका के खिलाफ युद्ध के लिए खुद सेना में भर्ती होना चाहते हैं। इसमें बड़ी संख्या में छात्र और मजदूर वर्ग भी शामिल है। उत्तर कोरिया के समाचार पत्र रोडोंग सिनमुन में ये दावा किया गया है।

## भारत और मालदीव के बीच चौथी रक्षा सहयोग वार्ता, द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की

**माले।** भारत और मालदीव ने माले में चौथी रक्षा सहयोग वार्ता (डीसीडी) आयोजित की और द्विपक्षीय रक्षा संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की। वार्ता की सह-अध्यक्षता रक्षा सचिव गिरिधर अरामाने और मालदीव के उनके समकक्ष चीफ ऑफ डिफेंस फोर्स मेजर जनरल अब्दुल्ला शमाल ने की। यह रक्षा सहयोग वार्ता दोनों देशों के बीच सर्वोच्च संस्थागत संवाद तंत्र है। वार्ता में दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच संबंधों के भविष्य पर भी प्रकाश डाला गया। इस दौरान द्विपक्षीय रक्षा सहयोग गतिविधियों की समीक्षा की गई और दोनों पक्षों ने बढ़ते सहयोग पर संतोष व्यक्त किया।



वार्ता में मौजूदा द्विपक्षीय अभ्यासों पर भी चर्चा हुई, जिसमें दोनों देश के बीच इन अभ्यासों को बढ़ाने पर सहमत हुए। भारत और मालदीव के सशस्त्र बल कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग की संभावना तलाश रहे हैं। दोनों के बीच बढ़ती इंगेजमेंट भविष्य के लिए एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। गिरिधर अरामाने ने मेजर जनरल अब्दुल्ला शमाल और उनके प्रतिनिधिमंडल को सार्थक वार्ता के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि भारत चौथी रक्षा सहयोग वार्ता से बनी आम सहमति के आधार पर निरंतर इंगेजमेंट के लिए तत्पर है। मालदीव की यात्रा के दौरान रक्षा सचिव ने रक्षा मंत्री मारिया अहमद दीदी और विदेश राज्य मंत्री अब्दुल्ला शाहिद से भी मुलाकात की।

# मिस्त्र में मिले इस्त्राइल और फलस्तीन के प्रतिनिधि, अमेरिका ने किया वार्ता का स्वागत

**कहीरा।** इस्त्राइल और फलस्तीन आपस में तनाव कम करने के लिए मिस्त्र में मिले। मिस्त्र के विदेश मंत्रालय ने बताया कि शर्म-अल-शेख में दोनों पक्षों के बीच लंबी बातचीत हुई, ताकि मौजूदा तनावपूर्ण स्थिति को संभाला जा सके। अमेरिका ने इस पहल का स्वागत किया है।

व्हाइट हाउस ने एक बयान में और सुरक्षा अधिकारियों के बीच बैठक का स्वागत किया। साथ ही




बाइडन ने सुरक्षा समन्वय बढ़ाने, सभी आतंकवादी कृत्यों की निंदा करने और दो-राष्ट्र समाधान की व्यवहार्यता बनाए रखने के लिए सभी पक्षों द्वारा तत्काल सहयोगात्मक कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया। व्हाइट हाउस ने कहा कि राष्ट्रपति बाइडन ने इस विश्वास को भी रेखांकित किया कि लोकतांत्रिक मूल्य हमेशा अमेरिका-इस्त्राइल संबंधों की पहचान रहे हैं और बने रहने चाहिए, क्योंकि लोकतांत्रिक समाज को वास्तविक नियंत्रण और संतुलन से मजबूत किया जा सकता है। साथ ही लोकप्रिय समर्थन के आधार के साथ मूलभूत परिवर्तनों को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। व्हाइट हाउस के अनुसार, बाइडन ने मूल सिद्धांतों के अनुरूप प्रस्तावित न्यायिक सुधारों पर समझौता करने के लिए इस्त्राइल में चल रहे प्रयासों के लिए समर्थन की पेशकश भी की।

बयान में कहा गया कि बाइडन और नेतन्याहू ने वेस्ट बैंक में तनाव और हिंसा पर भी चर्चा की। इसके अलावा अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने ईरान से होने वाले खतरों का मुकाबला करने सहित इस्त्राइल की सुरक्षा के लिए सहयोग के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया। दोनों नेता आने वाले हफ्तों में नियमित संपर्क में रहने पर भी सहमत हुए।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# सोने की खदान में काम कर रहे चीनी नागरिकों पर बंदूकधारियों ने किया हमला, नौ की मौत

**बांगुई।** मध्य अफ्रीकी गणराज्य में बंदूकधारियों ने चीन द्वारा संचालित एक सोने की खदान पर धावा बोल दिया। इस हमले में खदान में काम कर रहे नौ चीनी नागरिकों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, चीनी कंपनी में हाल ही में इस खदान में कार्य शुरू किया था। बाद में पीड़ितों के शव राजधानी बांगुई लाए गए। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि हमलावरों की तलाश की जा रही है। निवासियों का कहना है कि हिंसा की नवीनतम घटना सुरक्षा बलों में विश्वास की कमी को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सरकार देश में रहने वाले मध्य अफ्रीकियों और विदेशी नागरिकों की रक्षा करने में नाकाम दिख रही है। हालांकि, किसी भी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन संदेह विद्रोही गुटों के गठबंधन पैट्रियट्स फॉर चेंज या सीपीसी पर किया जा रहा है। जो इस क्षेत्र में सक्रिय है और नियमित



रूप से देश की सशस्त्र बलों पर हमले करते आया है। इस विद्रोही गुटों के गठबंधन का पूर्व राष्ट्रपति फ्रांस्वा बोजिजे की तरफ झुकाव है। लेकिन सीपीसी ने एक बयान जारी कर वाग्नेर समूह के रूसी भाड़े के सैनिकों पर हिंसा के पीछे होने का आरोप लगाया है। हालांकि, उसने कोई सबूत नहीं दिया है।

**विकास की नींव पर हमला**

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बंदूकधारियों ने चिम्बोलो सोने की खदान (ष्ठद्धद्बद्वद्ध्रश्चद्यश द्दश्चद्यस्र द्बद्वठ्ठद्र) पर सुबह करीब पांच बजे हमला किया था। बंदूकधारियों ने पहले साइट पर तैनात सुरक्षा गार्ड पर काबू पा लिया और गोलियां चलानी शुरू कर दीं। अधिकारियों ने कहा कि खनन स्थल का शुभारंभ कुछ दिन पहले ही हुआ था। अधिकारियों का कहना है कि चीनी व्यापारियों पर हमला विद्रोहियों की कायरता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सीपीसी के कारण न केवल देश की आर्थिक गति को नुकसान पहुंचा है, बल्कि अब यह विकास की नींव पर हमला कर रहा है। यह अस्वीकार्य है। कैमरून की सीमा के पास मध्य अफ्रीकी गणराज्य के पश्चिम में तीन चीनी नागरिकों के अपहरण के कुछ दिनों बाद ही यह हमला हुआ।

## भारत में एयरोस्पेस उत्पादों के निर्माण पर ध्यान देने का आ गया समय: सिंधिया

**नई दिल्ली।** देश के विमानन क्षेत्र में वृद्धि की संभावनाओं के मद्देनजर भारत को विमानन क्षेत्र के उत्पादों के विनिर्माण पर ध्यान देना चाहिए। पिछले छह साल में यात्रियों की संख्या करीब दोगुनी हो गई है। हम दुनिया में नागरिक उड्डयन बाजार में तीसरे स्थान पर हैं। हमने देश में पिछले 9 साल में एयरपोर्ट की संख्या बढ़ाकर दोगुनी की है। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यह बात कही है। नागर विमानन मंत्री ने सोमवार को




विमानन क्षेत्र की परामर्शदाता कंपनी सीएपीए द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में कहा कि अब समय आ गया है कि हमें भारत में एयरोस्पेस उत्पादों के विनिर्माण पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश का विमानन क्षेत्र बहुत तेजी से बढ़ रहा है। भारत में विनिर्माण शुरू करने के लिए यह पूरी तरह से उपयुक्त समय है। उन्होंने कहा कि अगले पांच से सात वर्ष में घरेलू विमानन कंपनियों के पास कुल 2,000 विमानों का बेड़ा होगा। सिंधिया ने कहा कि 2030 तक हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। देश के नागर विमानन क्षेत्र के लिए परिवेश को बढ़ाने की जरूरत पर जोर देते हुए सिंधिया ने कहा कि इस साल के अंत तक 15 उड़ान प्रशिक्षण संगठनों (एफटीओ) की स्थापना होने का अनुमान है, जिसके साथ इनकी संख्या बढ़कर 50 पर पहुंच जाएगी। ड्रोन क्षेत्र की वृद्धि के बारे में सिंधिया ने कहा कि 2030 तक यह तीन लाख करोड़ रुपये का हो जाएगा और 2.5 लाख रोजगारों का सृजन करेगा।